नई दिल्ली

बुधवार, 4 जून 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 29, अंक : 50
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**

अधि. 37.0
न्यून. 27.0


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




9 सिंधू और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में, सेन और प्रणय इंडोनेशिया ओपन से बाहर


ALLEN

THE CLEAR LEADER

JEE ADVANCED 2025

4 Students in Top 10 AIR

46 Students in Top 100 AIR

ALLEN's result validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

AIR 1 Rajit Gupta Classroom course

AIR 2 Saksham Jindal Classroom course

AIR 6 Akshat Kumar Chaurasia Classroom course

AIR 8 Devesh Pankaj Bhaiya Classroom course

AIR 13 Vedansh Garg Classroom course
AIR 14 Ritwik Khandelwal Classroom course
AIR 17 Aagam Shah Classroom course
AIR 22 Mohan S. Adusumalli Classroom course
AIR 23 Aksh Gogi Classroom course
AIR 25 Arnav Singh Classroom course
AIR 27 Samudra Sarkar Classroom course
AIR 28 Chirayu Jain Classroom course
AIR 30 Om Prakash Behera Classroom course
AIR 34 Dhruba Jyoti Panja Classroom course
AIR 37 Karmanya Gupta Classroom course
AIR 39 Hans Daruka Classroom course
AIR 42 Md. Anas Classroom course
AIR 45 Ramit Goyal Classroom course
AIR 47 Hari Sheth Classroom course
AIR 50 Aritro Ray Online Classroom course

And many more...

As per result compiled till 02 June 2025 (10:00 AM)

ALLEN Delhi Center Result

AIR 84 Saumy Maliwal Classroom course
AIR 111 Samriddh Dahiya Classroom course
AIR 128 Parsewar D. Sunil Classroom course
AIR 209 Pratham Jain Classroom course
AIR 220 Ram Singhal Classroom course
AIR 256 Jivansh Gupta Classroom course
AIR 505 Vaibhav Vatsal Classroom course
AIR 581 Saumya Shreyasee Classroom course
AIR 585 Kushagra Nath Classroom course
AIR 648 Divyansh Verma Classroom course
AIR 800 Gaurish Bansal Classroom course
AIR 842 Apratim Tewari Classroom course
AIR 977 Daksh Leekha Classroom course
AIR 978 Akshat Goel Classroom course
AIR 1014 Adarsh Vardhan Classroom course
AIR 1084 Navya Goyal Classroom course
AIR 1085 Pratham Garg Classroom course
AIR 1110 Atharva Agrahari Classroom course
AIR 1115 Saurabh Rajput Classroom course
AIR 1183 Adhyayan Saha Classroom course
AIR 1404 Ayushman Ojha Classroom course
AIR 1407 Jatin Classroom course
AIR 1414 Vatsal Khandelwal Classroom course
AIR 1424 Aarush Gupta Classroom course
AIR 1450 Daksh Gupta Classroom course

06 Students in Top 300 AIR
14 Students in Top 1000 AIR
34 Students in Top 2000 AIR

Heartiest Congratulations!

ADMISSIONS OPEN
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8th to 12th & 12th Pass
NEW BATCHES FROM 05 JUNE ONWARDS
For test dates, course start dates & direct admission visit allen.ac.in/delhi or nearest center.
Scan to register

TALLENTEX 2026
For Class 5th to 10th Students
Register now & avail early registration fee benefit, visit tallentex.com
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
Scholarships worth* ₹ 250 Crore
Cash Prizes ₹ 2.5 Crore Online & Offline
Scan to register

ALLEN DELHI
95136 85900
allen.ac.in/delhi

ALLEN KOTA
0744-3556677
allen.ac.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are from paid programs.

## दो वांटेड बदमाशों को गोली से घायल कर दबोचा

# जैतपुर और कालिंदी कुंज में एएटीएस पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले की एएटीएस और स्पेशल स्टाफ टीम ने मुठभेड़ के बाद दो वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक हेड कांस्टेबल पर हमला करने और दूसरा दिव्यांग लड़की की किडनैपिंग के बाद हत्या के मामले में फरार था। इन्हें जैतपुर और कालिंदी कुंज इलाके से दबोचा गया। दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल भी हुये हैं।

पुलिस के अनुसार न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना इलाके में कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल करण पर चाकू से हमला किया गया था। इस हमले में पुलिसकर्मी घायल हो गया था। मामले में वांटेड बदमाश को बीती रात एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। गोली उसके घुटने पर लगी है। उसे तुरंत एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वांटेड अपराधी की पहचान 24 वर्षीय आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने इसे जैतपुर इलाके में मुंबई एक्सप्रेस के पास ट्रेस किया था। जब उसे सरेंडर करने के लिए कहा गया तो वह भागने लगा और पुलिस टीम पर गोली चलाई।

- हेड कांस्टेबल पर हमले और दिव्यांग लड़की हत्या में थे शामिल

दूसरे मामले में साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के ही स्पेशल स्टाफ ने एक दिव्यांग लड़की के अपहरण और मर्डर मामले में वांटेड चल रहे बदमाश को मुठभेड़ के दौरान कालिंदी कुंज इलाके में पकड़ा है। बदमाश के द्वारा चलाई गई गोली सब इंस्पेक्टर शुभम चौहान की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिसकर्मियों के द्वारा चलाई गई गोली बदमाश के पैर पर लगी। उसे घायल हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान 35 वर्षीय राजपाल के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के एटा जिला स्थित शाहपुर का रहने वाला है।

## लूटपाट के प्रयास में दुकानदार पर गोली चलाने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के मोहन गार्डन थाना इलाके में लूट की कोशिश के दौरान एक मेडिकल शॉप पर गोली चलाने के आरोपी दबोच लिया गया है। 22 वर्षीय आरोपी व्यक्ति का नाम ओम प्रकाश बताया गया है। इस घटना में दुकान मालिक घायल हो गया था। पुलिस की कई टीमें जांच में लगाई गई थी। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार चोरी की स्कूटी पर सवार होकर आरोपी दुकान पर पहुंचा था। उसने दुकान पर काम करने वाले एक व्यक्ति पर गोलियां चला दी। इसके बाद आरोपी स्कूटी मौके पर ही छोड़कर भाग गया। बाद में पता चला कि स्कूटी एक दिन पहले ही उत्तम नगर इलाके से चोरी की गई थी। मोहन गार्डन थाने में मामला दर्ज किया गया। कई जांच टीम बनाई गई थी। जांच टीमों ने अपराध स्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। जांच के दौरान स्थानीय मुखबिरों की मदद भी ली गई और संदिग्ध की पहचान कर उसके घर पर छापेमारी की गई। आखिर में उसे गिरफ्तार कर अपराध में इस्तेमाल हथियार जब्त कर लिया गया। यह घटना 26 मई को सामने आई थी।

## 'आप-कांग्रेस ने झुग्गी वालों को कभी बेहतर जीवन देने का कार्य नहीं किया'

**नई दिल्ली।** खेदपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी नेता हो या कांग्रेस नेता इन्होंने झुग्गी वालों को कभी बेहतर जीवन देने के लिए काम नहीं किया हमेशा इनको वोट बैंक बना कर रखा और अमानवीय परिस्थितियों में जीने को मजबूर किया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया के दिल्ली के विषय में दिए गए बयान को लेकर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पटपड़गंज छोड़कर जंगपुरा से हार कर दिल्ली से भाग कर पंजाब में जा बसे पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया के ब्यान देखकर दिल्ली वाले स्तब्ध हैं। सचदेवा ने कहा है कि बारापूला नाले पर बसे मद्रासी कैंप के कारण नाले की सफाई का काम गत लगभग एक दशक से रूका हुआ था और इससे आसपास के क्षेत्र ही नहीं मीलों तक जलजमाव होता था। गत लगभग एक वर्ष से तत्कालीन अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मार्लेना सरकारों के संज्ञान में मद्रासी कैम्प शिफ्ट होने का मसला था पर तब आप नेता एक शब्द नहीं बोले, ना ही डयूसिब के माध्यम से इनके पुनर्वास की कोई योजना बनाई और आज मगरमच्छी आंसू बहा रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि भाजपा जहां झुग्गी वहीं मकान की घोषित योजना के प्रति कटिबद्ध है पर आप नेता बताएं कि कुछ वर्ष पूर्व मजबूरी वश यदि लोगों ने नाले किनारे या नाले को ढक कर असुरक्षित झुग्गी घर बना लिए थे तो क्या किसी संवेदनशील सरकार को झुग्गी वालों को सुरक्षित एवं बेहतर घर देने चाहिए या पुनः नाले पर घर बना कर देने चाहिए।

## दुष्कर्म के मामले में चार साल से फरार व्यक्ति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- चार साल की बच्ची को बनाया था हवस का शिकार

अलीपुर इलाके में चार वर्षीय बच्ची को हवस का शिकार बनाने वाला आरोपी लंबे समय बाद सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। 2016 में शंभू यादव नामक के इस आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत एक मामले में दोषी ठहराया गया था। पुलिस ने बताया कि उसे 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। हालांकि कोविड के कारण 18 अप्रैल 2020 को आठ सप्ताह की 'पैरोल' दिए जाने के बाद से वह फरार हो गया था। बिहार के गया जिले में यादव की मौजूदगी के बाद पुलिस ने करीब 48 घंटे चलाये अभियान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार आरोपी 2020 से कानून से बच रहा था। वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था और पकड़े जाने से बचने के लिए अपने परिवारजनों के संपर्क में भी नहीं था। वह बार बार अपना ठिकाना बदलता रहता था और बिहार तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में मजदूर या गार्ड के रूप में काम कर रहा था। कई महीनों की मशक्कत के बाद पुलिस को यादव की गया के समीप संभावित गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद चलाए गये ऑपरेशन के बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार जेल प्रशासन उसकी सूचना देने पर पांच हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी कर चुका था। आरोपी काम की तलाश में दिल्ली आया था और अलीपुर के टिकरी खुर्द स्थित एक फैक्टरी में काम कर रहा था।2016 में वह अपने ही परिसर से चार साल की एक बच्ची को अपने किराए के कमरे में बहला-फुसलाकर ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया था। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं समेत पोक्सो अधिनियम की धारा छह के तहत इसे दोषी ठहराया गया था।

# सेक्सटॉर्शन रैकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक बड़े सेक्सटॉर्शन और साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का नेटवर्क राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ था। साइबर धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी और सेक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 9 लोगों को बाउंड किया गया है। इनके द्वारा किये गये मनी ट्रेल से पता चला कि यह गिरोह अब तक पांच करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दे चुका है। इनके पास से 28 मोबाइल फोन, 30 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, आठ चेक बुक और 15 डेबिट कार्ड बरामद किए गए। इनसे पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किए गए कई वीडियो और तस्वीरें भी बरामद की गई है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार अपराध शाखा की साइबर सेल ने बड़े पैमाने पर बैंकिंग धोखाधड़ी में शामिल एक साइबर अपराध सिंडिकेट को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया है। इस नेटवर्क में शामिल लोग कई तरह के गलत कार्यों में लिप्त थे। कोई फर्जी लोन कॉल सेंटर चला रहा था तो कोई सेक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल था। इस रैकेट में सोशल मीडिया प्रोफाइल विश्लेषक, जबरन वसूली करने वाले, कॉल करने वाले और पुलिस अधिकारी बनकर पीड़ितों को झूठे कानूनी धमकियों से डराने वाले व्यक्ति शामिल थे। पकड़े गये लोगों के नाम उज्ज्वल पांडे, गौरव बरुआ, युग शर्मा, दिलशाद अली, सौरव, प्रवेश, जाहिद और व सोहिल, जयश्री, जयवीर बताये गये हैं।

- छह लोगों को गिरफ्तार
- पांच करोड़ के मनी ट्रेल का पता चला

## पानी का कनेक्शन काटने के नाम पर उगाही करने वाले ठगों से उपभोक्ता रहे सावधानः डीजेबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

### उपभोक्ताओं गलत सूचना के प्रसार को रोकने में दिल्ली जल बोर्ड की सहायता करें

डीजेबी ने कहा कि इसके अलावा उपभोक्ता संबंधित जोनल रेवेन्यू कार्यालय या डीजेबी के हेल्पलाइन नंबर 1916 पर कॉल,एसएमएस व व्हाट्सएप संदेश भेजकर या किसी अन्य संचार की प्रामाणिकता सत्यापित कर सकते हैं। डीजेबी अपने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह करता है कि वे सतर्क रहें और गलत सूचना के प्रसार को रोकने में दिल्ली जल बोर्ड की सहायता करें।

पानी का कनेक्शन कटने के नाम पर फर्जी मैसेज भेजने कर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने मंगलवार को उपभोक्ताओं को ऐसे ठगों से बचने के लिए संदेश जारी किया। डीजेबी के निदेशक राजस्व ने बयान जारी कर कहा कि हाल ही में हुई घटनाओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की है, जिसमें बोर्ड का गलत प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी के दावे और जबरन वसूली के प्रयास शामिल हैं। डीजेबी के ध्यान में लाया गया है कि उसके उपभोक्ताओं को डीजेबी के नाम पर झूठा दावा करने वाले व्यक्तियों द्वारा मोबाइल कॉल,एसएमएस व व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है। डीजेबी ने बताया कि जिससे उपभोक्ताओं को तत्काल भुगतान न किए जाने पर पानी का कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही है। यह ऐसी कॉल,एसएमएस व व्हाट्सएप संदेश डीजेबी द्वारा अधिकृत नहीं हैं और वास्तव में झूठे बहाने के तहत पैसे ऐंठने का प्रयास हैं। इसलिए कनेक्शन काटने की धमकी के तहत फोन कॉल,एसएमएस व व्हाट्सएप संदेशों को आने के बाद भुगतान करना डीजेबी द्वारा किसी तीसरे पक्ष या व्यक्ति के माध्यम से अधिकृत नहीं है। डीजेबी के सभी आधिकारिक संचार लिखित नोटिस या आधिकारिक डिजिटल चैनलों के माध्यम से संप्रेषित किए जाते हैं। इसलिए उचित सत्यापन के बिना ऐसे संदिग्ध कॉल,एसएमएस व व्हाट्सएप संदेशों के आधार पर उपभोक्ताओं द्वारा किसी भी तरह से कोई भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा कुछ प्राप्त होता है, तो कोई भी व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण साझा नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे कॉल,एसएमएस व व्हाट्सएप संदेशों की तुरंत साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 या अधिकृत वेबसाइट पर रिपोर्ट की जानी चाहिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तरुण यादव पुत्र ज्ञानेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम व पोस्ट बिसरख, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.–201307** ने केस **सी.टी. नं. 2299/2020 थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तरुण यादव** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तरुण यादव** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 471/2016 अंतर्गत धारा 323/341 आईपीसी थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तरुण यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सचिन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पूर्व जिला, कोर्ट नं. 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/6978/ED/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरीश उर्फ टिल्ली पुत्र** बलदेव, **निवासी:** विजय विहार, फेस–2, पेट्रोल पंप के पास, दिल्ली, **यहां भी:** वीपीओ और पुलिस स्टेशन–दीन डोरी, जिला–बिलासपुर (म0प्र0), ने **FIR No. 33839/2023, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन के0एन0 काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरीश उर्फ टिल्ली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरीश उर्फ टिल्ली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 33839/2023, U/S 379/411 IPC, पुलिस स्टेशन के0एन0 काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **हरीश उर्फ टिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर जिला,**
**कमरा नं0–213, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/6949/RD/2025**
**(Court Matter)**

## ड्यूटी पर चक्कर खाकर गिरा एमसीडी सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- निगम प्रशासन से नहीं मिली कोई मदद

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक 50 वर्षीय सफाई कर्मचारी सेवा राम को 29 मई 2025 को ड्यूटी के दौरान चक्कर आ गए और वह वही गिर गया जिसके बाद उसे शालीमार बाग इलाके के फोर्टिस अस्पताल में आईसीयू में दाखिल करना पड़ा। मंगलवार को परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को मरीज को पंजाबी बाग के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है और आईसीयू में है साथ ही मरीज से वेंटिलेटर हटा दिया गया है। परिजनों ने बताया कि गर्मी के चलते ऐसा हुआ है। निगम के कुछ अधिकारियों ने भी मरीज के परिजनों से हाल चाल जाना है। परिजनों का कहना है कि फोर्टिस अस्पताल में उपचार में खर्च अधिक आया है और ऐसे में निगम प्रशासन से मदद की जल्द जरूरत है लेकिन मरीज को लेकर निगम प्रशासन कोई मदद नहीं कर रहा है। इस संबंध में निगम प्रशासन से संपर्क किया और इसकी जानकारी दी गई है लेकिन निगम प्रशासन की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई। राष्ट्रीय मजदूर क्रांति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मेहरोलिया ने बताया कि कर्मचारी सेवा राम केशव पुरम जोन के वार्ड 55 कार्यरत है। निगम की तरफ से मरीज की कोई सहायता नहीं मिल रही है और यूनियनों से मदद की गुहार लगाई है।

## बेरोजगारी को खत्म करने के लिए जॉब मेला आयोजित करेगी सरकार : कपिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली सरकार दिल्ली में बेरोजगारी को खत्म करने के लिए जल्द ही जॉब मेला आयोजित करेगी। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली में कोई भी बेरोजगार न रहे। चाहे वह मजदूर हो, इंजीनियर हो, तकनीकी हो या गैर-तकनीकी क्षेत्र का युवा, हम सभी के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करेंगे। मंत्री मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार मेले के आयोजन का प्रावधान किया गया है। इसके तहत दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जाएगा, जहां जॉब तलाशने वाले युवा और नियोक्ता संस्थान सीधे संपर्क स्थापित कर सकेंगे। इस दिशा में पहला विशाल जॉब मेला जुलाई 2025 में आयोजित करने का प्रस्ताव है, जो दिल्ली के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा। गौरतलब है कि मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को दिल्ली में सचिवालय में एक बैठक की। इस बैठक में दिल्ली के युवाओं को लेबर से लेकर इंजीनियर, टेक्निकल से लेकर नॉन-टेक्निकल सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस बैठक में डीआईसीसीआई (दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री), सीआईआई, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और दिल्ली टेक्निकल इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## हवलदार के चोरी में लिप्त पाये जाने के बाद मालखानों की सुरक्षा बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के लोधी रोड स्थित कार्यालय के मालखाने से 1.5 करोड़ रुपये की नकदी-जेवर की कथित चोरी में हवलदार की गिरफ्तारी के बाद अब राष्ट्रीय राजधानी के सभी मालखानों में निगरानी का कार्य 10-12 कर्मियों के बजाय 20 कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। यहां एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आमतौर पर मालखाने की निगरानी सीसीटीवी फुटेज के जरिए की जाती है और कड़ी निगरानी रखने के लिए वहां हमेशा 10 से 12 कर्मचारी तैनात रहते हैं। पुलिस सूत्र ने बताया कि हमने सभी मालखानों में सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया है और अब से वहां कड़ी निगरानी रखने के लिए 20 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। यह निर्णय दिल्ली पुलिस में तैनात हवलदार खुर्शीद को विशेष प्रकोष्ठ से मामलों से जुड़ी मूल्यवान संपत्ति चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद लिया गया। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान कथित तौर पर खुर्शीद ने बताया कि वह 'ऑनलाइन गेमिंग' और जुए में लिप्त था और उसे अपना कर्ज चुकाने के लिए धन की आवश्यकता थी। कुछ अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध उस समय घुसने में सफल रहा जब सुरक्षा व्यवस्था कम थी, जबकि अन्य ने दावा किया है कि घटना के समय पुलिस थाने में कोई सुरक्षा नहीं थी। सूत्रों ने बताया कि खुर्शीद पहले विशेष प्रकोष्ठ से संबद्ध रहा और उसकी मालखाने तक पहुंच थी। उन्होंने बताया कि हाल ही में उसका तबादला पूर्वी जिले में कर दिया गया था, लेकिन आशंका है कि वह डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल कर परिसर में प्रवेश करता रहा। यह मामला पिछले माह के आखिर में तब प्रकाश में आया जब कुछ अधिकारियों ने मालखाने से कुछ नकदी को गायब पाया।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर हेतु अंग्रेजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) *(विज्ञा. सं. 22/2024)* के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह है कि 17.11.2024 (प्रातःकालीन सत्र) को आयोजित किये गये स्क्रीनिंग टेस्ट को निरस्त कर दिया गया है। स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथासमय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 03.06.2025
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय :- हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) (विज्ञा. सं. 52/2024)**

हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) (विज्ञा. सं. 52/2024) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह है कि 01.06.2025 (प्रातःकालीन सत्र) को आयोजित किये गये स्क्रीनिंग टेस्ट को निरस्त कर दिया गया है। स्क्रीनिंग टेस्ट की नई तिथि यथासमय घोषित की जाएगी। उम्मीदवारों को अपडेट्स के लिए आयोग की वेबसाइट पर पधारते रहने का परामर्श दिया जाता है।

दिनांक : 03.06.2025
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/328/2026/35338/88/7 दि. 03.06.25

### एलजी ने प्रस्ताव को दी हरी झंडी

# अब सेवानिवृत्त को मिलेगी कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की तरह गोल्फ कोर्स की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सेवानिवृत कर्मचारियों को तोहफा देते हुए उनके लिए गोल्फ कोर्स की सदस्यता की राहे आसान बना दी है। एलजी ने एक प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है जिसके बाद अब सेवानिवृत कर्मचारी भी सेवारत सरकारी कर्मचारी के समान ही गोल्फ कोर्स की सदस्यता प्राप्त कर सकते है। यानी एलजी ने सेवानिवृत व सेवारत सरकारी कर्मचारी के लिए गोल्फ कोर्स की सदस्यता के लिए अंतर को समाप्त कर दिया है। इस बारे में राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार डीडीए के द्वारका गोल्फ कोर्स की सदस्यता के लिए सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को वर्तमान सरकारी कर्मचारियों के बराबर माना जाएगा। द्वारका गोल्फ क्लब देश के सबसे लंबे गोल्फ कोर्स में से एक है, जो पे-एंड-प्ले आधार पर सुविधाएँ प्रदान करता है। यह 158 एकड़ के क्षेत्र में फैले 18-होल वाले गोल्फ कोर्स में एक क्लब हाउस, 377-यार्ड ड्राइविंग रेंज, बच्चों के लिए 6-होल चिप और पुट कोर्स और एक स्विमिंग पूल शामिल हैं। जानकारी अनुसार एलजी की मंजूरी से पहले, सेक्टर-24, द्वारका, नई दिल्ली में नव विकसित गोल्फ कोर्स के लिए मसौदा नियमों, विनियमों और उप-नियमों में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को निजी व्यक्तियों के बराबर माना जाता था। सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों द्वारा एलजी और डीडीए को कई बार ज्ञापन दिए गए थे और अब उनका समाधान कर दिया गया है। नए नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों के पास तीन साल और पांच साल के कार्यकाल के अधिकार का विकल्प होगा, जिससे सुविधा के लिए एक सुसंगत आय प्रवाह सुनिश्चित होगा। प्रारंभिक अवधि के बाद अपने खेल के अधिकारों को बढ़ाने के इच्छुक व्यक्ति छूट के लिए पात्र होंगे, पहले नवीनीकरण के लिए मौजूदा दर पर 25 प्रतिशत की छूट और दूसरे नवीनीकरण के लिए 35 प्रतिशत की छूट प्राप्त होगी, जिसमें अधिकतम दो एक्सटेंशन की अनुमति है। खेल के अधिकार रखने वाले किसी व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में, उनके पति या पत्नी निर्धारित शुल्क का भुगतान करके खेल के अधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे, भले ही उनके पास पहले ऐसे अधिकार न हों। सरकारी वर्ग के लिए खेल के अधिकार में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, उनके संबद्ध और अधीनस्थ निकायों, स्वायत्त निकायों, साथ ही राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और सरकारी वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली इसी तरह की संस्थाओं के कर्मचारियों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रतिनियुक्ति या विदेशी सेवा पर कार्यरत कर्मचारी, जो अपने संबंधित केंद्र या राज्य सरकारों में अपने पदों पर अपना ग्रहणाधिकार बनाए रखते हैं, उन्हें भी इसमें शामिल किया जाएगा। सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को सेवारत सरकारी कर्मचारियों के बराबर माना जाएगा।

नई दिल्ली
बुधवार, 4 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 29, अंक : 50
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 37.0
न्यूऩ. 27.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,737.51 | 636.24 ▼ |
| निफ्टी | 24,542.50 | 174.10 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,000 /- | 70/- ▲ |
| चांदी | 1,00,200/- | 100/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 85.60 | 21 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 64.55/ बैरल | 0.12% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



### आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। पंजाब किंग्स 184 रन ही बना सकी और आरसीबी ने ये खिताब जीत लिया

# पंजाब किंग्स ने आरसीबी से कहा...तुस्सी ग्रेट हो

आईपीएल 2025 का फाइनल

आरसीबी को आईपीएल की ट्रॉफी जितवाने का विराट का आखिरकार सपना पूरा

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू ने पंजाब किंग्स का ट्रॉफी जीतने का सपना तोड़ा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने 17 साल बाद जीत लिया। फाइनल मैच में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। ये मैच मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। आरसीबी की टीम पहले बैटिंग के लिए उतरी थी। आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। विरोट कोहली के बल्ले से 43 रन आए। वहीं जेमिसन और अर्शदीप ने 3-3 विकेट झटके थे। इसके जवाब में उतरी पंजाब किंग्स 9 विकेट खोकर 184 रन ही बना सकी और आरसीबी ने ये खिताब जीत लिया। 18 ओवरों का खेल खत्म हो गया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पहली बार कैप्टन बना... और चैंपियन बना दिया

इंदौर के रजत पाटीदार आईपीएल में पहली बार कप्तानी की। पाटीदार ने 9 साल बाद रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को फाइनल में पहुंचा दिया और टीम को चैंपियन बना दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हमेशा से बड़े नामों वाले खिलाड़ियों की फ्रेंचाइजी रही है। विराट कोहली के अलावा एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल, अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ जैसे खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया, लेकिन सफलता रजत पाटीदार की कप्तानी में मिली। आरसीबी ने आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन में रणनीति में बदलाव किया। फ्रेंचाइजी बड़े नामों के पीछे नहीं भागी। उसने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया। उन्हें उनकी स्पष्ट भूमिका दी गई और इसका नतीजा मिला।

इंदौर का पाटीदार... शानदार



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अब छोटे ग्रुप्स में भी कर सकेंगे वॉइस चैट



नई दिल्ली। वॉट्सएप ने ग्रुप वॉइस चैट को लेकर एक बड़ा बदलाव किया है। पहले यह सुविधा केवल बड़े ग्रुप्स तक सीमित थी, लेकिन अब यह छोटे ग्रुप्स के लिए भी उपलब्ध हो गई है। अब आपके ग्रुप में सिर्फ 3-4 लोग भी हैं, तब भी आप वॉइस चैट शुरू कर सकते हैं। इस फीचर को वॉट्सएप ने ऑडियो हैं।

### ऑक्सफोर्ड में अध्ययन के लिए रोड्स छात्रवृत्ति



नई दिल्ली। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित रोड्स छात्रवृत्ति के लिए आवेदन मंगलवार को शुरू हो गए। रोड्स स्कॉलरशिप पूर्णरूप से वित्तपोषित है, जो उत्कृष्ट छात्रों को ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में दो से तीन साल का अध्ययन करने में सहायता करती है।

### तुर्किये में बने 'लाइफबॉय' खरीदने की योजना रद्द



मुंबई। मुंबई नगर निकाय ने करीब छह समुद्र तटों पर तैनाती के लिए तुर्किये निर्मित रोबोटिक लाइफबॉय खरीदने की योजना रद्द कर दी गई है। नगर आयुक्त भूषण गगरानी ने इसकी पुष्टि की है। यह निर्णय ऐसे वक्त में लिया गया है जब पाकिस्तान को समर्थन देने की वजह से तुर्किये को भारत की ओर से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

### पाकिस्तान के 48 घंटे वाले प्लान की भारत ने 8 घंटे में निकाली हवा...

# हाथ जोड़कर घुटनों पर आया दुश्मन बोला हमला बंद कर आओ बात करते हैं: सीडीएस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में शांगरी-ला-संवाद-2025 में भाग लेने के बाद स्वदेश पहुंचे प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे के सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए एक विशेष व्याख्यान को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के उद्देश्य, आवश्यकता और परिणाम से लेकर इससे जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी सार्वजनिक रूप से सबके सामने रखी। सबसे पहले उन्होंने यह स्पष्ट किया कि ये सैन्य अभियान अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। बल्कि 'अस्थायी विराम' पर है।

इसलिए हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। सैन्य अभियान के दौरान भारत को हुए नुकसान को लेकर किए गए पाकिस्तानी दावे पर पुनः कड़ा पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि पेशेवर सैन्यबल असफलता और नुकसान से अछूते रहते हैं। उन पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता है। मामले पर पूर्व में कही गई अपनी ही बात को दोहराते हुए सीडीएस ने कहा कि नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। भारत की इस कार्रवाई का शुरुआती बिंदु पहलगाम में किया गया आतंकी हमला था। आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। इस व्याख्यान का आयोजन डीडीएसएस और एसपीपीयू ने किया था और इसका विषय फ्यूचर वॉर्स और वॉरफेयर था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

*यह जानकारी सीडीएस अनिल चौहान ने पुणे के सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय में आयोजित एक विशेष व्याख्यान को संबोधित करते हुए दी।*

'अस्थायी विराम' पर है ऑपरेशन सिंदूर, सतर्कता जरूरी



### यूं फेरा पाक की नापाक योजना पर पानी

शीर्ष सैन्य अधिकारी ने ये भी साफ किया कि हमारी सेनाओं के बेहद सटीक और लक्षित हमलों ने पाकिस्तान के 10 मई को एक साथ किए गए कई हमलों के साथ 48 घंटे यानी दो दिनों में भारत को झुकाने वाली नापाक योजना पर पूरी तरह से पानी फेर दिया। पाक ने करीब 9-10 मई की देर रात 1 बजे भारत की पश्चिमी सीमा पर जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात के भुज तक ड्रोन और मिसाइलों से कई हमले किए। लेकिन हमारी सशस्त्र सेनाओं की तीखी प्रतिक्रिया से दुश्मन महज 8 घंटे में ही घुटनों पर आ गया और फिर उसने (पाक) हमें फोन लगाकर सैन्य कार्रवाई रोककर बातचीत (संघर्षविराम) का राग अलापा। भारत के एक्शन से पाकिस्तान को यह अंदाजा हो गया था कि अगर यह सैन्य संघर्ष थोड़ा और आगे चला तो उसे इसका ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए उसने डर की वजह से भारत के साथ बातचीत पर जोर दिया।

### नहीं चलेगी आतंकवाद, परमाणु धमकी

जनरल चौहान ने 22 अप्रैल 2025 को किए गए पहलगाम आतंकी हमले को बेहद क्रूरता वाला बताते हुए कहा कि ये पाकिस्तान ही था। जिसके 10 मई के हमलों ने इस संघर्ष को बढ़ाया। जबकि भारत ने केवल पड़ोसी देश और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाकर नष्ट किया था। पाक के हमलों के जवाब में हमने कार्रवाई की और उनके कई एयरबेस को निशाना बनाया गया। जिसमें नूरखान, मुरीद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जल्द बताएंगे पाक को हुआ कितना नुकसान

*उन्होंने कहा कि इससे पहले भी नुकसान के बारे में पूछने पर मैंने कहा था कि नुकसान की जगह पर अहम है परिणाम और आपके द्वारा की गई कार्रवाई। सीडीएस ने एक क्रिकेट मैच का उदाहरण देते हुए समझाया कि आप किसी भी तरह से जीतते हैं तो यह महत्वपूर्ण नहीं होता है कि कितने खिलाड़ी हैं, कितनी गेंदें फेंकी गईं और कितने विकेट इत्यादि। लेकिन तकनीकी मानदंडों के तहत जल्द ही हम आपके सामने ये आकलन प्रस्तुत करेंगे कि हमने कितने विमान, रडार मार गिराए।*

### ऑपरेशन पराक्रम से लिया सबक

*जनरल चौहान ने कहा, भारत की मंशा किसी तरह के लंबे तनाव या संघर्ष में उलझने की नहीं थी। ऑपरेशन पराक्रम से हमने ये सीख ली है कि सीमा पर लंबी तैनाती कितनी महंगी और जटिल होती है। उस दौरान हम करीब नौ महीने तक सीमा पर डटे रहे। जिससे काफी चीजें प्रभावित हुईं। बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भी कुछ समय तक सीमा पर तैनाती बनी हुई थी। लेकिन इस बार हालात बदल गए, हमने अभियान को जल्दी खत्म किया। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व शासक जुल्फिकार अली भुट्टो के बयान का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने कहा था कि पाक ने भारत को एक हजार घाव देकर खून बहाने का निर्णय लिया है। 1965 में भुट्टो ने यूएनएससी को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी।*

### सभी प्रतिनिधिमंडलों की स्वदेश वापसी के बाद होगी प्रधानमंत्री से मुलाकात

## भारत लौटा पांडा के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जयशंकर को दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता बैजयंत पांडा के नेतृत्व में चार प्रमुख मुस्लिम देशों की यात्रा पर गया सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को स्वदेश वापस लौट आया और उन्होंने सबसे पहले विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर से मुलाकात की और उन्हें अपनी इस यात्रा से जुड़ी हुई तमाम जानकारी दी। विदेश मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों को सराहा और उनके बेहद सफल दौरे के लिए बधाई दी। यहां बता दें कि पांडा के नेतृत्व में यह पहला प्रतिनिधिमंडल है, जिसकी भारत वापसी हुई है। अब आगामी दिनों में बाकी छह प्रतिनिधिमंडल भी देश वापस लौटेंगे। उसके बाद सभी सातों प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात हो सकती है। पांडा के नेतृत्व में इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों की यात्रा की थी और वहां पर ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के पीछे की वजह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### स्पेन के मैड्रिड में पूछे गए एक प्रश्न पर बोलीं द्रमुक नेता भारत की 'अनेकता में एकता' है हमारी राष्ट्रीय भाषा

## द्रमुक नेता कनिमोझी के राष्ट्रीय भाषा पर दिए जवाब से तालियों से गूंज उठा मैड्रिड का हॉल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

द्रविड़ मुनेत्र कड़गम यानी द्रमुक नेता कनिमोझी ने स्पेन की राजधानी मैड्रिड में भारत की राष्ट्रीय भाषा को लेकर पूछे गए एक प्रश्न का इतना शानदार जवाब दिया कि पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट के साथ गूंज उठा। हुआ यूं कि भारत सरकार के निर्देश पर द्रमुक नेता की अगुवाई वाला एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपनी स्पेन यात्रा के दौरान राजधानी मैड्रिड में प्रवासी भारतीय समुदाय ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की घोषणा

## राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का विस्तार होगा 'तीन लाख' नए कैडेट्स जोड़ने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विशेष संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों और अतिरिक्त/उप महानिदेशकों (जेएस आरएंडए/डी) के सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान देश भर में तीन लाख कैडेटों को जोड़ने के साथ एनसीसी के योजनाबद्ध तरीके से विस्तार की भी घोषणा की, जिसके लिए कई राज्य पहले ही सहमति दे चुके हैं और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे में तीव्र गति से वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेठ ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण और युवाओं के विकास में एनसीसी की भूमिका की पुष्टि की। उन्होंने इस सिलसिले में हाल में की गई पहलों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में शामिल करना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना शामिल है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, नया सवेरा योजना और नशा मुक्ति अभियान जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों में एनसीसी की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### डिजिटल टेक्नोलॉजी और रक्षा विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं

## आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई में सभी देशों को एकजुट होना चाहिए: बिरला

लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ब्राज़ील में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने के लिए पुर्तगाल पहुँचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि "भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन करता है और सभी देशों को इस वैश्विक लड़ाई में एकजुट होना चाहिए।" उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि "आतंकवाद वैश्विक शांति, स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है।" उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए सभी प्रगतिशील देशों को मिलकर संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए। बिरला ने ये टिप्पणियाँ लिस्बन, पुर्तगाल में पुर्तगाल



गणराज्य की असेंबली के प्रेसिडेंट, महामहिम श्री जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कीं । श्री बिरला वर्तमान में 3-6 जून 2025 को ब्राज़ीलिया, ब्राज़ील में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग ले रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं । जम्मू और कश्मीर में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि "यह हमला भारत की प्रगति और सामाजिक सद्भाव में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने अपने साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता से इन दुर्भावनापूर्ण इरादों को विफल कर दिया।" उन्होंने आगे कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर' सैन्य अभियान के अंतर्गत भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर इस खतरे का सफलतापूर्वक मुकाबला किया।" बिरला ने यह जानकारी दी कि भारत की संसद आधुनिक आवश्यकताओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यूबीएसी ने जीडीपी ग्रोथ रेट अनुमान को संशोधित किया

## भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 1.1% बढ़ाया, अब 6.4% किया गया

रेपो रेट में कटौती की जताई संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विस कंपनी (यूबीएसी) ने भारत की एफवाय 26 की रियल जीडीपी ग्रोथ रेट (जीडीपी ) का अनुमान 6% से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है। मार्च 2025 तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में उम्मीद से बेहतर



प्रदर्शन और लचीलापन देखते हुए यूबीएस ने यह वृद्धि की है। यूबीएसी के इंडिया कॉम्पोज़िट इकोनॉमिक इंडिकेटर (सीईआई) के अनुसार अप्रैल में आर्थिक गति बरकरार रही। मौसमी रूप से समायोजित इंडेक्स में मासिक आधार पर 1.1% की वृद्धि दर्ज की गई। यह मार्च तिमाही के औसत के करीब है। इससे यह संकेत मिलता है कि आर्थिक गतिविधि स्थिर बनी हुई हैं।

मांग में मजबूती, व्यापार तनाव में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण यूबीएसी ने जीडीपी ग्रोथ रेट अनुमान को संशोधित किया है। यूबीएसी का यह अपडेटेड अनुमान इस उम्मीद पर आधारित है ▶▶ शेष पेज 5 पर


### मप्र में कांग्रेस के संगठन 'सृजन' अभियान का शुभारंभ

राहुल ने मप्र से मांगे सिर्फ 55 लीडर जो कांग्रेस को आगे लेकर जा सकें

## भाजपा-संघ जरा से दबाव में सरेंडर हो जाते हैं, कांग्रेस सरेंडर नहीं होती

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस का करैक्टर ही ऐसा है कि इन्हें सरेंडर की आदत है। थोड़ा दबाव डालो, थोड़ा धक्का मारो, ये डर कर भाग जाते हैं। यही कारण है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र तुरंत सरेंडर हो गए। राहुल ने कहा कि कांग्रेस होती तो ऐसा कभी नहीं करती। भारत





ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं हैं। राहुल भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इसमें एआईसीसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रेस का घोड़ा बनिए

*बाराती या लंगड़ा घोड़ा नहीं*
*राहुल गांधी ने कहा कि घोड़े तीन तरह के होते हैं। पहले रेस वाले घोड़े, दूसरे बारात वाले घोड़े और तीसरे लंगड़े घोड़े। उन्होंने कहा कि बारात वाले और लंगड़े घोड़े किसी काम के नहीं होते, इसलिए आपको रेस वाला घोड़ा बनना है, जो दौड़ कर आगे निकलता है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद नेताओं में 20 प्रतिशत ही ठान लें तो भाजपा को उखाड़ कर फेंका जा सकता है। राहुल ने कहा कि मप्र में 55 जिले हैं और पार्टी को प्रदेश से 55 लीडर चाहिए। कांग्रेस अपने आप खड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कुछ एक नेता भाजपा का काम भी करते हैं। उनका भी इलाज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### 18 के शिवम भगतजी कर रहे खड़ी तपस्या



**फरीदाबाद।** शिवम भगतजी अनाज मंडी के पास स्थित सीताराम मंदिर में 7 दिनों से कड़ी तपस्या कर रहे हैं जिसका मूल उद्देश्य क्षेत्र की खुशहाली व ग्रामीणों को दीर्घायु एवं स्वास्थ्य प्रदान करना है।शिवम भगतजी की उम्र 18 वर्ष के है । उन्होंने बताया कि तपस्या से उन्हें शांति प्राप्त होती है। अपने गुरु जी की प्रेरणा से वह खड़े होकर 7 दिन की अखंड तपस्या कर रहे हैं।

### डॉ. राजेश मंगला के काव्य संग्रह का विमोचन



**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलगीत लेखक, साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. राजेश कुमार मंगला के काव्य संग्रह 'अतीत के गहने' का विमोचन जे सी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी के कुलपति डॉ. सुशील तोमर द्वारा किया गया। डॉ. मंगला ने अपनी दो और पुस्तकें कुलपति को भेंट की।उन्होंने श्रीफल व फूलों का गुलदस्ता देकर कुलपति का अभिनन्दन किया।

### बच्चे का अपहरण करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** बच्चे का अपहरण के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर बच्चे को लखनऊ से बरामद कर लिया है। पुलिस चौकी दयालबाग में कुशमिला देवी नेअपनी शिकायत में बताया कि उसके 3 बेटे व 1 बेटी है। 29 मई को वह अपने बच्चों को घर पर छोड़कर कंपनी में काम से गई थी। जब शाम को घर वापस आई तो उसका 7 वर्षीय बेटा घर पर नहीं मिला।

### निवेश के नाम पर 253634 रूपए का फ्रॉड



**फरीदाबाद।** निवेश के नाम पर 253634 रूपये का फ्रॉड करने का मुख्य आरोपी को थाना बल्लभगढ़ की टीम ने काबू किया है। साइबर थाना बल्लबगढ़ में एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके बेटे के पास इंस्टाग्राम पर पैसे निवेश के लिए मैसेज आया और ठगों ने उसे अच्छा लाभ कमाने का लालच दिया। ठगों ने उसे 1800 रुपए के निवेश के बदले 5800 देने की बात कही जिससे शिकायतकर्ता लालच में आ गया। जिसके बाद ठगों उसे और निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया जिसके बाद वो निवेश करता चला गया और ऐसे करके ठगों ने उससे 2,53,634 रुपए ऐठ लिए।

# शहर में तेजी से चल रहा है सीवर लाइनों के रिप्लेसमेंट का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**क्षेत्रीय पार्षदों की देखरेख में कराया जा रहा है। वर्तमान में शहर के 13 स्थान पर क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को हटाकर क्षेत्र वासियों को स्थाई समाधान देने के लिए नई सीवर लाइन डालने का कार्य चल रहा है।**

नगर निगम कई स्थानों पर सीवर लाइन रिप्लेसमेंट का कार्य कर रहा है। जिसको क्षेत्रीय पार्षदों की देखरेख में कराया जा रहा है। वर्तमान में शहर के 13 स्थान पर क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को हटाकर क्षेत्र वासियों को स्थाई समाधान देने के लिए नई सीवर लाइन डालने का कार्य चल रहा है। जिसका कई स्थानों पर उद्घाटन माननीय पार्षदों द्वारा किया गया है क्षेत्रवासियों में भी कार्यवाही को देखते हुए संतोष है। महाप्रबंधक जल ने बताया कि पिछले कई महीनो से शहर में सीवर समस्या गंभीर हो रही थी जिस पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा जलकल विभाग जल निगम तथा वी.ए.टेक वाबेग को संयुक्त रूप से जनहित में कार्य करने निर्देश दिए, वर्तमान में सिटी ज़ोन अंतर्गत 5 स्थानों पर सीवर लाइन रिप्लेसमेंट का कार्य चल रहा है 338 मी वार्ड संख्या 39 मे आनंद विहार कॉलोनी, भाटिया मोड़, राकेश मार्ग पर कार्य प्रारंभ किया गया है, वार्ड संख्या 92 नए बस अड्डे के पास 170 सीवर लाइन डालने का कार्य प्रारंभ किया गया,



### 13 स्थान पर 2100 मी लाइन, पार्षद कर रहे हैं उद्घाटन

वार्ड संख्या 9 में लगभग 210 मी लाइन का भी कार्य प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन पार्षद शीतल देओल द्वारा किया गया क्षेत्रीय निवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम टीम का धन्यवाद भी किया गया। विजयनगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 58 तथा वार्ड संख्या 7 में लगभग 850 मी लाइन डालने का कार्य चल रहा है, मोहन नगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 37 विक्रम एनक्लेव, वार्ड संख्या 75 लाजपत नगर, वार्ड संख्या 83 श्याम पार्क मे कार्य प्रारंभ किया गया है इसी क्रम में वार्ड संख्या 86 में भी कार्य प्रारंभ किया गया जिसका उद्घाटन माननीय पार्षद मदन राय द्वारा किया गया। मोहन नगर क्षेत्र में लगभग 508 मी लाइन डालने का कार्य चल रहा है, वसुंधरा जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 54 वसुंधरा सेक्टर 3 में भी लगभग 55 मी सीवर लाइन रिप्लेसमेंट का कार्य चल रहा है।

### सीवर समस्याओं के समाधान को लेकर निरंतर हो रहा काम

नगर आयुक्त ने बताया कि सीवर समस्याओं के समाधान को लेकर टीम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है जिसमें दिन प्रतिदिन सुधार का कार्य भी चल रहा है जिसकी मॉनिटरिंग अधिकारियों द्वारा की जा रही है जलकल विभाग जल निगम तथा वी ए टेक वाबेग के प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज त्रिपाठी की देखरेख में सीवर समस्याओं के समाधान पर कार्य हो रहा है।

## एचएमआरटीसी बोर्ड की बैठक में इस योजना को रद्द कर दिया

# ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो को सिकंदरपुर से जोड़ना संभव नहीं, फंस गया पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

**परिवहन विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका एचएमआरटीसी के निदेशक भी थे। अप्रैल माह में एचएमआरटीसी बोर्ड की बैठक में खेमका ने पक्ष रखा था कि ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से जोड़ने की संभावनाओं को तलाशा जाए।**

हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एचएमआरटीसी) ने ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो को दिल्ली मेट्रो रेल लिमिटेड (डीएमआरसी) के सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से सीधे जोड़ने की योजना को सर्वे में संभव नहीं पाया। इसको लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित एचएमआरटीसी बोर्ड की बैठक में इस योजना को रद्द कर दिया है।

परिवहन विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका एचएमआरटीसी के निदेशक भी थे। अप्रैल माह में एचएमआरटीसी बोर्ड की बैठक में खेमका ने पक्ष रखा था कि ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से जोड़ने की संभावनाओं को तलाशा जाए। सिकंदरपुर में डीएमआरसी की येलो मेट्रो और रैपिड मेट्रो के स्टेशन हैं। इसके पीछे उन्होंने कारण बताया था कि सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के आसपास व्यावसायिक गतिविधियों का एक हब है।



### मेट्रो जोड़ने की योजना को लेकर कराया सर्वे

इसके बाद एचएमआरटीसी ने एक एजेंसी के माध्यम से ओल्ड गुरुग्राम में प्रस्तावित मेट्रो को सिकंदरपुर मेट्रो से जोड़ने की योजना को लेकर सर्वे करवाया। एजेंसी ने चार रूट का सर्वे करके रिपोर्ट दाखिल की। इसके मुताबिक पहले रूट के तहत ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो को रैपिड मेट्रो के सामांतर चलाकर सिकंदरपुर मेट्रो से जोड़ा जाए, जिसकी लंबाई करीब 2.3 किमी होगी। दूसरे रूट के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन को एमजी रोड के माध्यम से यदि सिकंदरपुर से जोड़ा जा सकता है।

### 14 मई को सर्वे रिपोर्ट बैठक में रखा

14 मई को हरियाणा के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एचएमआरटीसी की बैठक हुई। इसमें इस सर्वे रिपोर्ट को रखा गया। बातचीत के बाद फैसला हुआ कि सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो को जोड़ना संभव नहीं है। मेट्रो लाइन सामनांतर दूसरी मेट्रो लाइन के साथ-साथ चलेगी। यह आर्थिक रूप से सही नहीं है।

### रैपिड मेट्रो से जुड़ा है सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन

मौजूदा समय में डीएमआरसी की येलो लाइन में आ रहे सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन से रैपिड मेट्रो का स्टेशन फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के माध्यम से जुड़ा हुआ है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत अंतिम स्टेशन डीएलएफ साइबर सिटी में बनना है। साइबर सिटी से रैपिड मेट्रो के माध्यम से सिकंदरपुर जाया जा सकता है या मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से कोई यात्री सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन उतर सकता है।

# टैक्स में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस-रालोद का आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में 400प्रतिशत की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस के जिला इकाई ने नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उधर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने इस संबंध में एक पत्र महापौर संजय दयाल को लिखा है। सुनीता दयाल को लिखा है और उन्होंने कहा है कि वह टैक्स को कम करने में निगम अधिकारियों पर दबाव बनाएं ताकि शहर की जनता को राहत मिल सके।

### प्रस्तावित हाउस टैक्स को तत्काल प्रभाव से निरस्त करे

वृद्धि के खिलाफ जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी सतीश शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर शिवराम वाल्मीकि के द्वारा गाजियाबाद में नगर निगम गाजियाबाद नवयुग मार्केट मुख्य कार्यालय पर ज्ञापन मुख्य नगर अधिकारी को सौंपा गया और कहा गया कि नगर निगम प्रस्तावित हाउस को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। कोरोना की पुनः आहट सुनाई दे रही है। इसके बाद आसमान छुट्टी महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है महानगरीय महंगी व्यवस्था में आम जनता त्रस्त है इस बिपदा काल में नगर निगम गाजियाबाद प्रशासन आग में घी डालने का काम कर रहा है आम जनता को राहत देने के स्थान पर हाउस टैक्स बढ़ाना जनहित में नहीं है ।

### टैक्स की रकम विकास के काम आएगी

महापौर कुछ लोगों ने बढ़ोतरी के हिसाब से टैक्स जमा किया है। अभी बहुत ज्यादा संख्या ऐसी है जिन्होंने टैक्स जमा नहीं किया है । मामला कोर्ट में है आप पुराने रेट से सबसे टैक्स लीजिए। आई हुई रकम विकास के काम आएगी अपने शहर में बहुत सारी ऐसी प्रॉपर्टी जो खाली कराई है जिन पर माफिया ने कब्जा कर रखा था इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। निगम की आमदनी बढ़ाने के लिए इन सब स्थान पर एक अच्छा प्रोजेक्ट लगाकर निगम की आमदनी बढ़ा सकते हैं । वनस्पति शहर के आम आदमी से बढ़ोतरी के साथ टैक्स वसूल करें विकास के लिए निगम की आमदनी होना जरूरी है लेकिन उसके और भी कई माध्यम हो सकते हैं ।

# साइबर ठगी करने पर एक नाबालिग सहित 53 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम पुलिस ने देशभर में 61.52 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने वाले 53 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 26 मोबाइल और तीन सिम कार्ड बरामद किए हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से मोबाइल व सिम कार्ड का डाटा जांचने पर पता चला कि आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी संबंधी कुल 12,607 शिकायतें और 502 मामले दर्ज हैं।

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, सेक्सटॉर्सन, निवेश कराकर और फर्जी अधिकारी बनकर लोगों के साथ धोखाधाड़ी करते थे। इन आरोपियों के खिलाफ देशभर में दर्ज कुल मामलों में से 28 मामले हरियाणा में दर्ज हैं। वहीं, गुरुग्राम के साइबर क्राइम ईस्ट थाना में पांच, साइबर अपराध थाना पश्चिम में दो और साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में एक मामला दर्ज है। बताया कि मामले में पुलिस 15.36 लाख रुपए नकदी, 26 मोबाइल, पांच लैपटॉप, तीन सिम कार्ड, एक डेबिट कार्ड और एक चेकबुक बरामद कर चुकी है। साइबर ठगी के इन 53 आरोपियों को सितंबर 2024 से मई 2025 के दौरान पकड़ा गया है।

एसीपी प्रियांशु दीवान ने बताया कि साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने आरोपी अंजनैया चौधरी, हिमांशु फर्त्याल आदि को गिरफ्तार किया।

## पीपीपी मॉडल से सब्जी मंडी की सफाई व्यवस्था होगी सुदृढ़

# विधायक फागना ने प्लास्टिक कचरे की रिसाइकलिंग ईको एम्पॉवर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विश्व की दूसरी स्पिरिट विक्रेता अंतर्राष्ट्रीय कंपनी एवं उसकी सीएसआर सहयोगी द सोशल लैब तथा मार्केट कमेटी फरीदाबाद की साझीदारी में मंगलवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में ईको एम्पॉवर कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईटी.86 के विधायक सतीश कुमार फागना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा सफाई की महता के बारे अनेकों बार हम सब को जागरूक किया है। सफाई में सबसे पहली जिम्मेदारी स्वयं से आती है तथा शहर को स्वच्छ रखने में आमजन का सहयोग है। उन्होंने मंडी के आढ़तियों को अपना परिवार बताते हुए सभी से एक डस्टबीन और झाड़ू रखने की भी अपील की। कार्यक्रम में परनो-रिका की महाप्रबंधक अवंतिका सिंह ने बताया कि कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है और इसी कड़ी में ईको एम्पॉवर कार्यक्रम है।

जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी विनय यादव ने जानकारी दी कि किसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी द्वारा प्लास्टिक कचरे की रिसाइकलिंग का हरियाणा की मंडी में यह पहला प्रयोग है। परनोरिका की सीएसआर सहयोगी द सोशल लैब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी साहिल अरोड़ा बताया कि प्लास्टिक कचरे की समस्या का निदान और कचरा इकठ्ठा करने वाले मेहनती साथियों के जीवन सुधारने का लक्ष्य है। सफाई कर्मचारियों के स्वस्थ्य की जांच की जाएगी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **निशा,** पुत्री अकबर अली, निवासी- पी-190, गली नंबर 10, बिहारी कॉलोनी, नई दिल्ली और 1/11312, गली नंबर 4, सुभाष पार्क एक्सटेंशन रघुनाथ मंदिर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 314/16 धारा 323/324/341/506/34 भा.द.स थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निशा** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निशा** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **निशा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 314/16 धारा 323/324/341/506/34 भा.द.स थाना फर्श बाज़ार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 06.08.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अखिल मलिक**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
ग्राउंड फ्लोर, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6807/SHD/2025


## कई मांगों पर बनी सहमति

# निगमायुक्त के साथ सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम मुख्यालय के कान्फ्रेंस हाल में सफाई कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर निगमायुक्त और नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की बैठक सौहार्दपूर्ण हुई। इस बैठक में निगमायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा, अतिरिक्त आयुक्त गौरव आंतिल, एएमसी विजय पाल यादव, मुख्य अभियंता ओमबीर, एक्सईएन परचेंज नितिन कादियान, लेखा शाखा से सुखबीर सिंह, स्थापना अधिकारी सृष्टि बब्बर, सेनिटेशन विभाग से बिशन स्वरूप तेवतिया, बृजमोहन शर्मा, ऋषि मलिक, हरबीर रावत, जगबीर सिंह, अमित भटनागर के अलावा यूनियन की ओर से प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर, महेन्द्र कुडिय़ा, श्रीनंद ढकोलिया, प्रेमपाल सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।



### 1994 में 25 वार्ड अब बढ़कर हो गए 46

वर्ष 1994 में 25 वार्ड थे जो अब बढ़कर 46 वार्डों हो चुके है। वर्ष 1994 के बाद अभी तक नगर निगम में एक भी सफाई कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई है। जबकि सफाई कर्मचारी हर माह में सेवानिवृत हो रहे है। सफाई कर्मचारियों की मृत्यु दर भी ज्यादा है। साथ ही 25 लाख की आबादी के साथ-साथ किराएदारों की भरमार है इसलिए कम से कम सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए 7 हजार कर्मचारियों की आवश्यकता है। जिस पर निगम आयुक्त ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति एचकेआरएन के माध्यम से करें। नगर निगम में समायोजित किए गए 24 गांवों के सफाई कर्मचारियों के पिछले एक साल के बकाया वेतन पर भी सहमति जताई। अनुबंधित आधार पर कार्यरत 468 कर्मचारियों को नियमित करने के लिए सरकार के आदेश प्राप्त होते ही इन कर्मचारियों को रैगुलर करने का आश्वासन भी निगमायुक्त ने दिया। नगर निगम द्वारा प्रस्ताव के माध्यम से 490 सफाई कर्मचारियों की मांग की गई थी उन्हें एचकेआरएन के माध्यम से निगम को मिलेगें। साथ ही 2980 कर्मचारियों का 20 लाख रूपए का एक्सीडेंटल बीमा सरकारी स्तर पर करवाया जाएगा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश कुमार उर्फ राकू** निवासी **झुग्गी नं. 3 यूएंडवी ब्लॉक, शालीमार बाग, दिल्ली** ने case **FIR No. 77/2017 U/s 392/34/411 IPC, थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **राकेश कुमार उर्फ राकू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राकेश कुमार उर्फ राकू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 77/2017 U/s 392/34/411 IPC, थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार उर्फ राकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री राजेन्द्र कुमार**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05**
**कमरा नं. 217**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/6859/NW/2025(Court Matter)



**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा**
(हरियाणा विधायिका के अधिनियम 31 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित और यूजीसी एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) और 12बी के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय)
बी++ एनएएसी प्रमाणित

**प्रवेश सूचना (2025–2026)**

सत्र 2025–26 हेतु विभिन्न अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 04.06.2025 से प्रारम्भ होगा और ऑनलाइन आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि 23.06.2025 है। अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

संवाद–1239/11/83/2026/35295/सी/88/7 दि. 03.06.25 रजिस्ट्रार



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | सीएचसी मदीना में फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 02.06.2025 09.06.2025 | 27.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज पंचकूला | गोलपुरा : गांव गोलपुरा ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 02.06.2025 09.06.2025 | 51.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज गन्नौर | डी प्लान 2025–26 सामान्य संघटक के तहत गांव बली कुतबपुर, ब्लॉक गन्नौर में रमेश पुत्र श्री दलीप के मकान से श्रीराम के खेत तक रास्ता का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.06.2025 | 31.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुबडू में समक्षया तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी–प्लान 2025–26 + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.06.2025 | 24.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/100/35331/I/88/7 दि. 03.06.25

## खबर संक्षेप

### मानव एकता व भाईचारे से निकलेगी वैश्विक शांति की राह : इंद्राज

**नई दिल्ली।** मानव एकता, समता और भाईचारे से ही वैश्विक शांति की राह निकलेगी। यह बात मंगलवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कांस्टिट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर हॉल में एक कार्यक्रम में कही। गौरतलब है कि मंत्री रविंद्र इंद्राज ने सतगुरु रविदास रिसर्च एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'बेगमपुरा : ए रोड टू वर्ल्ड पीस एंड हार्मनी' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत और स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी भी उपस्थित रहे। मंत्री इंद्राज ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास ने मानव एकता, समता और भाईचारे का जो संदेश दिया था, वो आज भी विश्व शांति और सौहार्द के लिए मूल मंत्र है। उनका जीवन मानवता, भक्ति और सामाजिक समरसता के जरिए सुन्दर समाज की रचना का संदेश देता है।

### भाजपा 'जहां झुग्गी-वहां मकान' देने का वादा भूल गई : सिसोदिया

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में सत्ता पाते ही भाजपा ने झुग्गियों में रह रहे गरीब लोगों को 'जहां झुग्गी-वहां मकान' देने का वादा भूल गई। दिल्ली का मजदूर, घरेलू कामगार, रिक्शा चालक और दिहाड़ी मजदूर जिनकी मेहनत से देश की राजधानी चलती है, आज उन्हीं की झुग्गियां बेदर्दी से बुलडोजर के नीचे कुचली जा रही हैं। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के जिन विधायकों को जनता ने चुना था, वो आज कहां हैं? ना जवाब मिल रहा है, ना जमीन पर कोई दिख रहा है। झुग्गियों में दी जाने वाली बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तो छोड़िए, अब तो मेहनत से बनाई गई छत भी इनसे छीन ली गई है। क्या यही है सबका साथ, सबका विकास? भाजपा सरकार द्वारा जंगपुरा विधानसभा स्थित मद्रासी कैंप को बुलडोजर से गिराए जाने के बाद वहां रहने वाले लोग बेघर हो गए हैं।

### अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन मंगलवार को प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) की चेतानवी गलत साबित हुई और खबर लिखे जाने तक राजधानी में बारिश व आंधी नहीं आई। जबकि आईएमडी ने 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने व बारिश की भविष्यवाणी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया था। बावजूद इसके दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक नीचे दर्ज हो रहा है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6.9 डिग्री सेल्सियस नीचे है। यानी भीषण गर्मी के दिनों में दिल्ली महसूस कर रही है कूल कूल।

## पूरे साल प्रदूषण को रोकने के लिए सरकारी प्रयास रहेंगे जारी

# सीएम रेखा गुप्ता ने लॉन्च किया 'एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन प्लान 2025'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में प्रदूषण पर जोरदार प्रहार करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में 'एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन प्लान 2025' को लांच किया। इस योजना को 'शुद्ध हवा सबका अधिकार –प्रदूषण पर जोरदार प्रहार' थीम दी गई है जो दिल्ली सरकार की वायु प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई की रणनीतिक रूपरेखा है। प्रैसवार्ता में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि लांच की गई यह योजना सिर्फ एक कागज़ी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए दिल्लीवालों की सांसों को बचाने का एक मजबूत रोडमैप है। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा और कपिल मिश्रा भी उपस्थित रहें। सीएम ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए अब तक का यह सबसे वैज्ञानिक, समग्र और क्रियाशील प्लान है। इसमें आधुनिक तकनीकों, जन सहभागिता और सख्त नियमों को एक साथ जोड़ा गया है। उन्होंने आगे कहा कि 'एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन प्लान 2025' आठ प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट के तहत 500 वर्ग मीटर से बड़े सभी निर्माण प्रोजेक्ट्स का डीपीसीसी के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही निर्माण स्थलों पर पंजीकरण विवरण का डिस्प्ले करना भी आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही एआई आधारित प्रणाली के तहत स्वतः नोटिस और जुर्माने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेहखंड प्लांट को शीघ्र पूर्ण कर, सीएंडडी कचरे की प्रोसेसिंग क्षमता को बढ़ाकर 1000 टन प्रतिदिन (टीपीडी) किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 नवंबर 2025 से दिल्ली में लाइट गुड्स व्हीकल, मीडियम गुड्स व्हीकल, हैवी गुड्स व्हीकल सहित सभी ट्रांसपोर्ट और कमर्शियल गुड्स वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएगी, जो बीएस-6 मानक के नहीं हैं। केवल बीएस-6, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

वहीं सीएम ने कहा कि वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर एएनपीआर कैमरे और डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन लगाए जाएंगे, ताकि एंड ऑफ लाइफ व्हीकल्स की पहचान की जा सके।

### सड़कों की होगी सफाई और पानी का छिड़काव

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि सड़कों की सफाई के लिए 200 मैकेनिकल रोड स्वीपर ,70 इलेक्ट्रिक लीटर पीकर, 38 वॉटर टैंकर, और 20 डंप व्हीकल तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा, पूरे दिल्ली में 1000 से अधिक वॉटर स्प्रिंकलर, 140 एंटी-स्मॉग गन पूरे वर्ष (मानसून को छोड़कर) सक्रिय रहेंगे।

### मेट्रो स्टेशन पर ई-ऑटो किए जाएंगे तैनात

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर 2,299 ई-ऑटो तैनात किए जाएंगे और इस वर्ष के अंत तक 2080 नई इलेक्ट्रिक बसें सार्वजनिक परिवहन के बेड़े में जोड़ी जाएंगी। वहीं दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर तेजी से काम कर रही है। इसके तहत कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, मॉल, एयरपोर्ट, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों व नगर निगम पार्किंग स्थलों पर चार्जिंग प्वाइंट्स की बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### कल से शुरू होगा एक पेड़ मां के नाम' अभियान

सीएम ने हरित क्षेत्र को बढ़ाने के प्रयासों के तहत बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 संकल्पों से प्रेरित होकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 5 जून से दिल्ली में महाभियान की शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि इस वर्ष 70 लाख पौधे लगाए जाएंगे। रेखा गुप्ता ने दिल्ली के नागरिकों से अपील की हैक वे 'पर्यावरण दूत ' बनें और हमारे साथ मिलकर दिल्ली की हवा को शुद्ध बनाने के इस अभियान का हिस्सा बने।

## सड़कों पर लावारिस गायों को छोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : कपिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मसूदपुर में बेसहारा गौवंश की स्थिति सुधारने के लिए मंत्री कपिल मिश्रा ने की अहम बैठक

जो गौ संचालक नियमों का पालन करेंगे और अपनी गायों की उचित देखभाल करेंगे, उन्हें सरकार की ओर से सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। वहीं जो लोग अपनी गायों को लावारिस हालत में सड़कों पर छोड़ेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। यह बात मंगलवार को दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने कही।

गौरतलब है कि दिल्ली की सड़कों पर गौवंश न घूमें, उन्हें आश्रय मिले। इस बाबत मंगलवार को दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने महरौली क्षेत्र में मसूदपुर डेयरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र सिंह के साथ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली सरकार के विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गौवंश की स्थिति को सुधारने और डेयरी संचालकों को जरूरी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने पर व्यापक चर्चा करना था। कपिल मिश्रा ने कहा कि सड़क पर घूमते बेसहारा गौवंश न केवल पशु अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह आम जनता की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए भी खतरा है। सरकार संबंधित विभागों के साथ मिलकर इन गौवंशों को सुरक्षित स्थान दिलाने, गौ संचालकों द्वारा उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने और उनके शोषण को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में विधायक गजेंद्र सिंह ने बताया कि मसूदपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में डेयरियां संचालित हो रही हैं, जहां दूध दोहन के बाद कई गौ संचालक अपनी गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को परेशानी होती है, बल्कि गायों की हालत भी अत्यंत दयनीय हो जाती है। कपिल मिश्रा ने कहा कि सरकार डेयरी सेक्टर को सशक्त बनाकर न केवल पशुओं की स्थिति में सुधार लाना चाहती है, बल्कि इससे डेयरी व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी आर्थिक लाभ पहुंचेगा।

## विधानसभा भवन का तेजी से हो रहा है नवीनीकरण : विजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार विधानसभा के सदन का दौरा कर वहां चल रहे नवीनीकरण और आधुनिकीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कार्य तेज गति से प्रगति कर रहा है। इस दौरे में उनके साथ विधानसभा सचिव और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के विद्युत तथा सिविल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ थे। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि विशेष रूप से नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) को लागू करने के दृष्टिगत विधानसभा भवन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इस पहल के तहत आगामी मानसून सत्र से पहले विधानसभा को पूर्णतः पेपरलेस बनाया जा रहा है। नए परिवर्तन के तहत दिल्ली विधानसभा के सदन में एक अत्याधुनिक डिजिटल कॉन्फ्रेंस और नेटवर्किंग सिस्टम लगाया जा रहा है, जो पारदर्शिता, कार्यक्षमता और कागज रहित शासन को बढ़ावा देगा। इस प्रणाली में स्मार्ट डेलीगेट यूनिट्स (माइक, वोटिंग पैनल, आरएफआईडी/एनएफसी एक्सेस, बहुभाषी अनुवाद सुविधा), सदस्यों के लिए आईपैड (विधान सूचियों और दस्तावेजों तक त्वरित पहुंच हेतु), ऑटोमेटेड ऑडियो-वीडियो सिस्टम (एचडी कैमरा और केंद्रीकृत नियंत्रण के साथ), तथा एक मजबूत और सुरक्षित नेटवर्किंग प्रणाली (पावर बैकअप सहित) शामिल हैं। इन उच्च तकनीकी सुविधाओं से विधायकों को सदन में अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से करने में मदद मिलेगी।

## निगम स्थायी समिति के एक रिक्त पद के चुनाव में भाजपा की हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ भाजपा की सत्या शर्मा ने आप की हेमा को 35 वोटों से हराया

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय सिविक सेंटर में मंगलवार को आयोजित सदन की बैठक में स्थायी समिति में एक रिक्त स्थान के लिए हुए चुनाव में भाजपा की सत्या शर्मा ने जीत हासिल की है। सत्या शर्मा ने आम आदमी पार्टी की अपनी प्रतिद्वंदी हेमा को 35 वोटों से हराया। सत्या शर्मा को 130 वोट हासिल हुए वहीं हेमा ने 95 वोट प्राप्त किये। निगम से मिली जानकारी के अनुसार स्थायी समिति के लिए सदन से एक सदस्य के चुनाव में कुल 227 वोट डाले गए और 2 वोट अवैध घोषित किये गए। चुनाव परिणाम आने के बाद दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सत्या शर्मा को बधाई दी और कहा कि उनका राजनीति में लम्बा अनुभव है जिसका निगम को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। महापौर सिंह ने हेमा को कड़ा मुकाबला देने के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि सत्या शर्मा वार्ड संख्या 226, गौतमपुरी से पार्षद है वहीं हेमा, वार्ड संख्या 184 जैतपुर से पार्षद है।

### स्थायी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर 12 जून को चुनाव

वहीं, स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए भी दिल्ली नगर निगम ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार गुरुवार, 12 जून, 2025 को सिविक सेंटर में उक्त पदों के लिए चुनाव निर्धारित किए गए हैं। निगम के अनुसार डीएमसी अधिनियम में प्रावधान है कि स्थायी समिति प्रत्येक वर्ष अपनी पहली बैठक में अपने सदस्यों में से एक (जो पार्षद हैं) को अध्यक्ष तथा दूसरे सदस्य को उपाध्यक्ष चुनेगी। ऐसे चुनाव के लिए स्थायी समिति की पहली बैठक आयुक्त द्वारा दिल्ली नगर निगम प्रक्रिया एवं कार्य संचालन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होंगे।

### 6 जून तक आवेदन पत्र होंगे दाखिल

स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ने के इच्छुक किसी भी सदस्य को नामांकन पत्र दाखिल करना होगा, जिसे नगर सचिव के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। भरे गए नामांकन पत्र निगम सचिव द्वारा सभी कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच नामांकन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक प्राप्त किए जाएंगे, जो शुक्रवार, 6 जून, 2025 निर्धारित की गई है। कोई भी उम्मीदवार बैठक के दौरान चुनाव शुरू होने से पहले किसी भी समय अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकता है।

### कांग्रेस ने भाजपा सरकार की 100 दिनों की विफलताओं को उजागर करने का लिया संकल्प

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि अब भाजपा सरकार की पिछले 100 दिनों की विफलताओं को जमीनी स्तर पर उजागर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह संकल्प 2 और 3 जून, 2025 को राजधानी के सभी 258 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में आयोजित की गई बैठकों में लिया गया। इन बैठकों में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि दिल्ली वालों को भाजपा सरकार का सच बताना चाहिए कि कैसे लोगों से किए वादे तोड़े गए। यादव ने बताया कि इन बैठकों में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, लोकसभा एवं जिला पर्यवेक्षक, पूर्व विधायक, नगर पार्षद, पूर्व पार्षद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक कार्यकारिणी समिति के सदस्य, फ्रंटल संगठनों, प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। यादव ने बताया कि मासिक ब्लॉक स्तरीय बैठकों ने बूथ स्तर से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया है तथा कार्यकारिणी समिति के कार्यकर्ताओं से सुझाव एवं प्रतिक्रिया मांगी जाती हैं। जिन्हें पार्टी की गतिविधियों में शामिल किया जाता है, ताकि पार्टी को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय बैठकों में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी दर्शाती है कि कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय एवं सक्रिय हो चुके हैं। बैठकों में बताया जाता है कि उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत करते हैं, उनकी समस्याएं सुनी और उनका समाधान किया या प्रयासरत है। जबकि दूसरी तरफ लोग आप सरकार के 11 साल के कुशासन तथा अब ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार की अक्षमता एवं अकुशलता से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में लोगों के कल्याण के लिए कुछ भी नहीं किया है।

## भाजपा पार्षद की ओर से हुई क्रॉस वोटिंग : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति में एक पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा पार्षद की ओर से हुई क्रॉस वोटिंग के चलते एक अतिरिक्त वोट भी मिला, जिससे कुल 96 वोट हेमा के पक्ष में पड़े। चुनाव परिणाम पक्ष में न होने के बावजूद, यह मतदान 'आप' पार्टी के लिए एक रणनीतिक जीत साबित हुआ। निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने चुनाव के बाद सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि स्थायी समिति सदस्य के एक रिक्त पद के लिए 'आप' पार्टी की वार्ड 184 से हेमा को प्रत्याशी बनाया गया था। 'आप' के 95 निगम पार्षदों ने नेहा को समर्थन दिया। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी के उन सभी पार्षदों की जीत है जिन्होंने अपने स्वाभिमान, ईमानदारी और पार्टी के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी।

## सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल

# ओपीडी वार्ड में भीड़ से परेशान हुए मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ करीब 15 कर्मचारी जो कंप्यूटर से परामर्श पर्चा बनाते थे उनको बिना कारण बताए हटा दिया गया, हाथ से बनाए जा रहे पर्चे

दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में मंगलवार को सुबह ही ओपीडी के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ देखने को मिली और जो कार्य ठेका कर्मी कर रहे थे, उस कार्य को स्टॉफ नर्स अपने हाथ से करते नजर आए। इसका कारण जानना चाहा तो पता चला कि अस्पताल में अब कंप्यूटर की जगह हाथ से पर्चे बनाए जा रहे थे जिसके कारण ओपीडी के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन देखने को मिली। इसके बाद ओपीडी वार्ड में डॉक्टर कक्ष में पहुंचने पर पता चला कि पहले यहां मरीजों की लाइनें लगी होती थी लेकिन यहां भीड़ नहीं मिली।

बता दें कि 31 मई 2025 को करीब 15 कर्मचारी जो कंप्यूटर से परामर्श पर्चा बनाते थे उनको बिना कारण बताए हटा दिया गया है और एक साल के आसपास से उनको वेतन भी नहीं दिया गया। हटाए गए इन कर्मियों ने बताया कि दिल्ली सरकार ने समय रहते इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया जिसके कारण मंगलवार को यहां ओपीडी काउंटर पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है और मरीजों को परेशानी हो रही है। यह भी जानकारी मिली कि मंगलवार को गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से विशेष जांच का दिन भी होता है। लेकिन यहां पर्चा नहीं बनने से अधिकतर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को एक बार यहां अस्पताल में आकर औचक निरीक्षण भी करना चाहिए।

## सरकार बदली लेकिन हालात नहीं

# बुराड़ी : स्वरूप नगर रोड़ पर महीनों से भरा पड़ा है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में सरकार बदली, निगम सरकार भी बदली, लेकिन नहीं बदली तो बुराड़ी स्वरूप नगर 60 फुटा मुख्य मार्ग की किस्मत। बुराड़ी स्वरूप नगर 60 फुटा मुख्य रोड़ पर कई महीनों से नाले का गंदा पानी भरा रहता है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यह पानी लगभग 300-400 मीटर के एरिया में फैला है जो वाहनों के साथ साथ पैदल राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। गली नंबर 9-12 के सामने सड़क पर गंदा व बदबूदार पानी भरा रहने से स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि नई भाजपा सरकार की सीएम रेखा गुप्ता से लेकर पीडब्ल्यूडी मंत्री तक लगातार दौरे कर रहे है, सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के दावे कर रहे है। जबकि दूसरी तरफ पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कर्मचारी सीएम व मंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या से बहुत बुरी तरह परेशान है। जबकि बुराड़ी स्वरूप नगर एसी सड़क है जिस पर रोजाना बुराड़ी से स्वरूप के बीच हजारों छोटे बड़े वाहन गुजरते है। एक तरह से कहा जा सकता है कि बुराड़ी और स्वरूप नगर के बीच यह सड़क जीवन रखा का कार्य करती है।

बावजूद इसकी इतनी बुरी तरह से दुर्गति हो चुकी है कि नारकीय जीवन गुजारने को अभिशप्त हो चुके है। लोगों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत करने पर आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है, समस्या से छुटकारा नहीं मिला। लोगों ने सीएम रेखा गुप्ता व पीडब्ल्यूडी मंत्री से गुहार लगाई है कि हमारी इस समस्या की तरफ भी ध्यान देते हुए समाधान किया जाए। लोगों ने कहा कि हमें रेखा सरकार से बहुत उम्मीदें है कि वह इस समस्या का समाधान जरूर करेंगी।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



हॉलीवुड मसाला



## गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




## रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



## सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



## धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की सक्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

टीवी मसाला

## ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'


### विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

## धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो



**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बि हा इं ड - द - सी न वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

## लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आज़म। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आज़म को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

1115 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

# कानपुर में होगा देश का सबसे लंबा मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड ट्रैक

उत्तर प्रदेश के कानपुर वालों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही जाम की समस्या से जल्द ही राहत मिलने वाली है। यहां मंधना-अनवरगंज एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण को मंजूरी मिली। 15.51 किलोमीटर लंबे इस ट्रैक पर 1115 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके बनने से 18 रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से 50 लाख लोगों को राहत मिलेगी।

एजेंसी ▶▶ कानपुर

मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण पर मुहर लग चुकी है। 15.51 किलोमीटर लंबे इस ट्रैक के बनते ही कानपुर के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ जाएगी। यह देश का सबसे लंबा ट्रैक होगा। इस पर करीब 1,115 करोड़ रुप खर्च होंगे। एलीवेटेड ट्रैक के लिए 15 मई को जारी निविदा में आधा दर्जन कंपनियां आगे बढ़ी हैं। 30 जुलाई को अंतिम तारीख के बाद निर्माण कंपनी तय होगी। इसके बनने से जरीब चौकी समेत 18 रेलवे क्रासिंगों पर लगने वाले जाम से 50 लाख की आबादी को राहत मिल जाएगी। इससे दो साल पहले हरियाणा के रोहतक में 350 करोड़ की लागत से पांच किमी लंबा एलीवेटेड ट्रैक बन चुका है।

**खास बातें**

- 15 .51 किमी लंबा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक स्वीकृत
- 1,115 करोड़ रुपए की लागत आएगी
- 18 रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से मिलेगी मुक्ति

### 21 साल बाद 15 मई को निविदा जारी

शहर के बीचो बीच से गुजर रहीं 18 रेलवे क्रासिंगों पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सबसे पहले वर्ष 2004 में एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण की आवाज उठी थी। रेलवे के सर्वे में इन सभी क्रासिंग पर 15 लाख वाहनों की प्रतिदिन आवाजाही मिली, जिसे रेलवे ट्रेन व्हीकल यूनिट (टीवीयू) कहता है।
कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी व अकबरपुर के देवेंद्र सिंह भोले ने दिल्ली से लखनऊ तक बात रखी। आखिरकार, 21 साल बाद 15 मई को निविदा जारी होने पर एलीवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण की राह खुल गई। भविष्य में समानांतर ट्रैक निर्माण के लिए भी इसमें जगह छोड़ी जाएगी। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के सामने



कृषि विभाग की जमीन पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से नया स्टेशन बनेगा, जो कानपुर मेट्रो से सीधे रिश्ता जोड़ेगा।

### अगस्त से निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद

एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण की शुरुआत अगस्त 2025 से होने की उम्मीद है। वर्ष 2027 तक दो साल में काम पूरा करने का लक्ष्य है। इस दौरान रूट की 50 से अधिक ट्रेनें दूसरे रेलमार्गों से चलेंगी। कल्याणपुर व रावतपुर रेलवे स्टेशन इतिहास बन जाएंगे। सीएसजेएमयू के सामने नए स्टेशन से कानपुर-कासगंज रेलमार्ग के यात्री मेट्रो पकड़ सकेंगे। विकास कार्यों की उच्चस्तरीय संयुक्त विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव के अनुसार, मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड ट्रैक शहर को और आधुनिक स्वरूप देगा। देश का दूसरा व सबसे लंबा ट्रैक नई कहानी लिखेगा।

---

**खबर संक्षेप**

### जिलाध्यक्ष ने लगाई एसपी से सुरक्षा की गुहार



**बागपत।** भाजपा के जिलाध्यक्ष को जान का खतरा सता रहा है। वह भी अपनी ही पार्टी के नेताओं से हत्या की आशंका हो गई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शिकायती पत्र दिया और सुरक्षा की गुहार लगाई। उन्हें पहले से भी सुरक्षा मिली हुई है। इसके बाद भी अपनी पुलिस सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। आशंका जताते हुए कहा कि कुछ नेता मेरी हत्या करा सकते हैं।

### पेड़ से बांधकर डॉक्टर को पीटने लगे लोग



**गयाजी ।** जिले में ग्रामीण डॉक्टर को पेड़ से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने डॉ. जितेंद्र यादव को इतना पीटा कि वो लहूलुहान हो गए। घटना फतेहपुर थाना की है। पीड़ित डॉक्टर गुरपा थाना के झुरांग गांव का रहने वाला है। परिजनों ने ग्रामीणों पर ही मारपीट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दुष्कर्म के चल रहे मामले में ग्रामीण चिकित्सक पर मदद करने का आरोप लगाकर पिटाई की गई।

---

यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला

# अग्निवीरों को पुलिस और पीएसी की भर्ती में 20% आरक्षण,3 साल की छूट भी मिलेगी

उत्तर प्रदेश सरकार ने अग्निवीरों के लिए पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण की घोषणा की है। यह आरक्षण आरक्षी पीएसी घुड़सवार और फायरमैन पदों पर लागू होगा। इसके साथ ही अग्निवीरों को अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट भी मिलेगी। यह निर्णय अग्निवीरों को सेवा के बाद रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

प्रदेश सरकार सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को पुलिस व पीएसी की भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगी। इन्हें आरक्षी, आरक्षी पीएसी, आरक्षी घुड़सवार व फायरमैन की भर्ती में 20 प्रतिशत पदों पर पूर्व अग्निवीरों की भर्ती होगी। कैबिनेट ने पूर्व अग्निवीरों को समायोजित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि उप्र पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार व फायरमैन की भर्ती में पूर्व अग्निवीरों (चार वर्ष की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय किया गया है। जो जिस वर्ग का होगा, उसे उसी वर्ग का लाभ मिलेगा।

इस निर्णय उत्तर प्रदेश को ट्रेंड फोर्स मिलेगी। पूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान किए जाने का निर्णय भी किया गया है। उप्र पुलिस में दारोगा, सिपाही व बंदी रक्षक के कुल 26,596 पदों पर जल्द और भर्तियां होनी हैं। इनमें आरक्षी के कुल 19,220 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है।

**खास बातें**

- 2026 में अग्निवीरों का पहला बैच रिटायर
- उत्तर प्रदेश को मिलेगी ट्रेंड फोर्स
- सिपाही व बंदी रक्षक के 26,596 पदों होनी है भर्तियां
- आरक्षी घुड़सवार पुलिस के 71 पदों पर होगी

### सिपाही भर्ती में मिल सकता है मौका



आरक्षी पीएसी के 9,837 पद, आरक्षी उप्र विशेष सुरक्षा बल के 1,341 पद, आरक्षी पीएसी महिला बदायूं/गोरखपुर/लखनऊ (महिला बटालियन) के 2,282 पद, आरक्षी नागरिक पुलिस के 3,245 पद, आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस के 2,444 पद व आरक्षी घुड़सवार पुलिस के 71 पदों पर भर्ती होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले वर्ष कारगिल दिवस के अवसर पर उप्र पुलिस में अग्निवीरों की भर्ती किए जाने की घोषणा की थी। भाजपा शासित कई राज्यों में अग्निवीरों को समायोजित किए जाने का निर्णय पूर्व में किया जा चुका है। केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत युवाओं को सेना में सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। अग्निवीरों का पहला बैच की वर्ष 2026 में सेवा पूरी होगी। इनमें 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में भर्ती होने का अवसर मिलेगा। शेष 75 प्रतिशत अग्निवीर सशस्त्र व कार्यकुशल होकर समाज की मुख्यधारा में फिर में शामिल होंगे।

---

अमित शाह की छवि धूमिल करने का मामला?

# राहुल गांधी के खिलाफ जारी हुआ गैर जमानती वारंट, झारखंड हाई कोर्ट में दी गई चुनौती



एजेंसी ▶▶ रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके खिलाफ जारी किए गए गैर जमानती वारंट को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी है। यह वारंट उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए चाईबासा में एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने जारी किया था। राहुल गांधी को 26 जून को चाईबासा की एमपी-एमएलए अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये दूसरी बार है जब चाईबासा कोर्ट ने गैर जमानचती वारंट जारी किया है। 27 फरवरी को भी अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी ने इस आदेश को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसने बाद में वारंट पर रोक लगा दी थी।

### 2018 में चाईबासा रैली में कथित अपमानजनक बयान का मामला

राहुल के खिलाफ प्रताप कुमार नामक व्यक्ति ने 2018 में चाईबासा में आयोजित एक रैली में भाजपा नेताओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के लिए मानहानि का मामला दर्ज कराया है। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में कहा कि उन्होंने मामले के इस चरण में चाईबासा अदालत में पेश होने से छूट का अनुरोध करते हुए पहले ही याचिका दायर कर दी है। नेता प्रतिपक्ष की याचिका में कहा गया है कि पेश होने से छूट की अर्जी उच्च न्यायालय में निर्णय के लिए लंबित है। इस तथ्य के बावजूद, अधीनस्थ अदालत ने गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया और उन्हें चाईबासा में एमपी-एमएलए अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया।
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के सिलसिले में कुमार की ओर से दायर आपराधिक मुकदमे में मुश्किल स्थिति का सामना कर रहे हैं।

---

## पेज एक का शेष

### पंजाब किंग्स ने आरसीबी से...

**खिताब जीतते ही भावुक हुए कोहली :** खिताब जीतते ही आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली भावुक हो गए। उनकी आंख में जीत के आंसू थे। जीतने के बाद कोहली ने सबसे पहले अपने साथी खिलाड़ियों को गले लगाया और जीत का जश्न मनाया। इसके बाद कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा से मिले और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान दिग्गज बल्लेबाज ने अपने पूर्व साथी और खास दोस्त एबी डिविलियर्स को भी जीत की शुभकामनाएं दीं।

### हाथ जोड़कर घुटनों पर...

**सैन्य कार्रवाई-राजनीति साथ-साथ चली :** सीडीएस ने कहा कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर में सैन्य कार्रवाई और राजनीति समानांतर रूप से चली। पहलगाम आतंकी हमले से पहले पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर ने सार्वजनिक रूप से भारत और विशेषकर हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। हमने आतंकवाद के खिलाफ सैन्य अभियान की नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। साथ ही आतंकवाद और पानी को भी एक साथ जोड़ दिया है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी अड्डों को तबाह करने के बाद भारत ने पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। जिसमें ये भी आगाह किया गया था कि अगर उसने तनाव बढ़ाने की कोशिश की तो उसे उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

### नहीं चलेगी आतंकवाद...

मुख्य हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमारी सोच यही थी कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए, भारत को आतंकवाद का बंधक नहीं बनना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारा देश अब आतंकवाद और परमाणु धमकी के साये में रहने वाला नहीं है।

### भारत लौटा पांडा के नेतृत्व...

और भारत की नई सोच के साथ आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई जीरो टॉलरेंस की नीति के बारे में बताया था।
**यात्रा सफल रहीः पांडा :** भाजपा नेता ने संवाददाताओं से बातचीत में अपनी इस यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि हमने चारों देशों में पहलगाम आतंकी हमले और भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन तमाम देशों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में मजबूत संबंध बनाए हैं। कई देशों ने उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित भी किया है। इसी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे पूर्व राजदूत हर्ष श्रृंगला ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री के साथ बातचीत में अपनी यात्रा के दौरान उक्त देशों से मिली प्रतिक्रिया को साझा किया।
**प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए सदस्य :** भारत लौटे प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम से असदुद्दीन ओवैसी, नामित सांसद सतनाम सिंह संधू और पूर्व राजदूत हर्ष श्रृंगला शामिल थे।

### द्रमुक नेता कनिमोझी के...

को भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई और आतंकवाद पर बनी हुई कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति के बारे में जानकारी दे रहा था। तभी एक प्रवासी भारतीय ने उनसे पूछा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या होनी चाहिए? इसपर आपका क्या रुख है? इसका बेहद सधा हुआ और बढ़िया जवाब देते हुए कनिमोझी ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत की राष्ट्रीय भाषा 'अनेकता में एकता' है। जिसे सुनकर पूरे हॉल में तालियां बजने लगीं। उन्होंने ये भी कहा, यही संदेश हमारा प्रतिनिधिमंडल लेकर स्पेन पहुंचा है। यहां प्रवासी भारतीय भारत के शांति और अहिंसा के संदेश को बड़े पैमाने पर प्रचारित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों को प्रभावित कर सकते हैं और उनकी राय बना सकते हैं।
**द्रमुक एनईपी के त्रिभाषा फार्मूले की मुखर विरोधी :** गौरतलब है कि द्रमुक नेता का ये बयान इसलिए भी मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ है। क्योंकि द्रमुक ही देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है। जिसने केंद्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में बताए गए त्रिभाषा फार्मूले का सबसे कड़े अंदाज में विरोध किया है। इसके पीछे उसका तर्क यह है कि त्रिभाषा फार्मूला दक्षिण भारतीय राज्यों पर हिंदी को थोपता है। द्रमुक तमिल अस्मिता के साथ द्वि-भाषा (तमिल, अंग्रेजी) नीति की सबसे मजबूत समर्थक रही है। केंद्र के नए विचार को वह संघवाद और क्षेत्रीय स्वायत्ता का अपमान मानती है।
**प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य :** द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल में सपा से राजीव राय, एनसी से डॉ.मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा से कैप्टन ब्रिजेश चौटा, आरजेडी से प्रेम चंद गुप्ता, आम आदमी पार्टी से डॉ.अशोक कुमार मित्तल और पूर्व राजदूत मंजीव.एस.पुरी और जावेद अशरफ शामिल हैं।

### राष्ट्रीय कैडेट कोर...

रक्षा राज्य मंत्री ने एनसीसी के अभियान दल को 18 मई, 2025 को माउंट एवरेस्ट पर उनकी सफल चढ़ाई की उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे कैडेटों के साहस और उनकी सामर्थ्य का एक प्रबल उदाहरण बताया।
**राज्य एनसीसी के विस्तार में योगदान दें :** संजय सेठ ने केंद्र-राज्य सहयोग जारी रखने का आह्वान करते हुए राज्यों से एनसीसी के ऐतिहासिक विस्तार में सहयोग देने के लिए आवश्यक कर्मियों, बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण की अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का आग्रह किया, जिससे युवाओं के भविष्य को आकार देने और राष्ट्र को सुरक्षित करने में इस संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका को बल मिलेगा।
**कैडेटों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लक्ष्य :** एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने इसकी उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा का उल्लेख किया, जिसमें देश भर में मजबूत प्रशिक्षण और शिविर संबंधी बुनियादी ढांचे को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने संगठन में युवाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देने और कैडेटों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लक्ष्य पर बल दिया। शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यों के विभागीय प्रतिनिधि और सभी राज्यों के एनसीसी प्रमुख भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक...

के अनुरूप तकनीक-आधारित पहलें कर रही है। उन्होंने कहा कि एआई की मदद से भारत की विधायी प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी, कुशल और जन-केन्द्रित हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा, "डिजिटल संसद टेक्नोलॉजी आधारित प्लेटफॉर्म है जिसने भारत की संसद को आधुनिक रूप दिया है। इससे सांसद, नागरिक, मंत्रालय और सभी हितधारक एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं तथा कार्य संचालन त्वरित, पारदर्शी और सुविधाजनक हुआ है। इससे विधायी कार्यवाही में जनता की भागीदारी भी बढ़ी है।" अपने लिस्बन प्रवास के दौरान, लोकसभा अध्यक्ष ने तुवालु के गृह मामलों, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्री मैना तालिया से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य, जलवायु कार्रवाई, शिक्षा और रणनीतिक साझेदारी में भारत-तुवालु सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। बिरला ने पहलगाम आतंकी हमले की तुवालु द्वारा की गई कड़ी निंदा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक एकता के लिए उनके अटूट समर्थन की सराहना की।

### भारत की जीडीपी ग्रोथ...

कि ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे मानसून और खाद्य पदार्थों की कम कीमतों के चलते घरेलू खर्च में सुधार होगा। शहरी मांग में भी सुधार की संभावना है।

### भाजपा-संघ जरा से दबाव...

और पीसीसी डेलीगेट्स, जिला-ब्लॉक अध्यक्ष, विधायकों-सांसदों के अलावा पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद थे। इससे पहले पार्टी नेताओं की तीन अन्य बैठकें लेकर राहुल ने प्रदेश के कांग्रेसियों में जान फूंकने की कोशिश की।
**जातिगत जनगणना के दो मॉडल बताए, तेलंगाना मॉडल से करवाएंगे सर्वेः** राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा में मैंने देश से वादा किया था कि कुछ भी हो जाए जातिगत जनगणना लोकसभा और राज्यसभा में पास होगा। हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। जातिगत जनगणना को हम लोकसभा में पास करेंगे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं। एक, तेलंगाना का मॉडल और दूसरा, बिहार का मॉडल। बिहार में अफसरों ने कमरे में बैठकर सर्वे के लिए बिना दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, सामान्य वर्ग या अल्पसंख्यकों से पूछे ही सवाल तैयार कर दिए। जबकि तेलंगाना में साढ़े तीन लाख लोगों से सवाल पूछे गए। तेलंगाना के हर घर में सरकार के अफसर गए और सर्वे से जुड़े सवाल पूछे। इससे पता चला कि प्रदेश में कॉर्पोरेट सेक्टर के बड़े पदों पर एक भी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं था।
**इन तीन पैमानों पर होगा जिलाध्यक्ष का चयन :** राहुल ने कहा कि जिलाध्यक्षों के चयन के लिए तीन बातों पर गौर किया जाएगा। पहला, वोट प्रतिशत कितना बढ़ा? दूसरा, गरीब, आदिवासी और दलितों के लिए कितना आंदोलन किया और तीसरा, पाटी में युवाओं को कितना आगे बढ़ाया। इसके बाद ब्लॉक, पंचायत और वार्डों में पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। राहुल ने कहा कि जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष सबसे पावरफुल रहने वाले हैं। भविष्य में इनकी सिफारिश पर ही लोकसभा और विधानसभा के टिकट दिए जाएंगे। यह पावर 440 वोल्ट का होगा। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्षों के लिए मेरे अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन प्रभारी महामंत्री केसी वेणुगोपाल के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।
**प्रदेश में कांग्रेस के 10 जिताऊ नेता :** विधायकों की बैठक में अभय मिश्रा ने कहा कि हमें मध्यप्रदेश में कोई ऐसा नेता नहीं नजर आता, जिसके भरोसे हम चुनाव जीत पाए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि आपको भले नजर न आते हों, लेकिन मुझे 10 ऐसे नेता नजर आते हैं, जो मध्यप्रदेश में नेतृत्व करने की क्षमता और सरकार बनाने का माद्दा रखते हैं। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में विधायक आरिफ मसूद ने सवाल उठाया कि पर्यवेक्षकों के जरिए संगठन कमजबूत करने और जिला अध्यक्षों के चयन की बात कही जा रही है लेकिन यदि पर्यवेक्षक ही भेदभाव करेंगे तो उनके ऊपर क्या कार्रवाई की जाएगी? राहुल गांधी ने संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल से कहा कि यह महत्वपूर्ण विषय है। इसे नोट किया जाए। यदि कहीं ऐसी शिकायत है तो उस पर संज्ञान लिया जाना चाहिए।

---

नीतीश कैबिनेट में नई मेन्टेनेंस पॉलिसी पास

# बिहार में पुलों और फ्लाई ओवर की सेहत जांची जाएगी, हेल्थ कार्ड बनेगा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में पुलों और फ्लाई ओवर का नियमित और बेहतर अनुरक्षण किया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को इसकी मेन्टेनेंस की नयी नीति पर मुहर लगा दी। बैठक में 47 एजेंडों पर सहमति प्रदान की गयी। इसके तहत पुलों का सबसे पहले स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाएगा। फिर उसकी बीमारी के अनुरूप उसके इलाज की कार्ययोजना बनायी जाएगी। नई नीति के तहत हर पुल की स्थिति का आंकलन करने के लिए ब्रिज हेल्थ इंडेक्स (बीएचआइ ) बनाया जाएगा।

### भौतिक स्थिति के आधार पर शून्य से सौ के बीच माप

यह इंडेक्स पुलों के घटकों की वास्तविक भौतिक स्थिति के आधार पर शून्य से 100 के बीच मापा जायेगा। जिन पुलों का बीएचआइ कम होगा, उन्हें क्रिटिकल श्रेणी में रखा जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत की जाएगी। साथ ही बीएचआइ मानकों पर चयनित क्रिटिकल पुलों की प्राथमिकता का निर्धारण कर मेंटेनेंस प्रायोरिटी इंडेक्स (एमपीआइ) के जरिए यह तय किया जायेगा कि किन पुलों की मरम्मत पहले होनी चाहिए। इसमें पुल की ज्यामिति, उपयोग, डिजाइन और अर्जेंट मेंटेनेंस की जरूरत को आधार बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते साल मॉनसून की सीजन में कई पुल और पुलिया ढह गई थी। जिसके बाद चलते आवागमन पूरी ठप हो जाता था। कई गांवों में तो पुल ही जाने-आने का विकल्प हैं। ऐसे में अब पुलों की जांच होती, जो पुल मरम्मत लायक होंगे, उन्हे ठीक जाएगा।

---

पीलीभीत का जवान बलिदान

# खबर सुन पत्नी बेसुध, मां बदहवास, बेटी के जन्म के बाद ड्यूटी पर गए थे लखविंदर

एजेंसी ▶▶ पीलीभीत



सिक्किम के भूस्खलन में बलिदान हुए पीलीभीत के गांव धुरिया पलिया निवासी हवलदार लखविंदर सिंह बीते दिनों 50 दिन की छुट्टी पर घर आए थे। बेटी के जन्म के बाद करीब डेढ़ माह पूर्व 20 अप्रैल को ड्यूटी पर वापस गए थे। सोमवार शाम उनके बलिदान होने की सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। बुजुर्ग माता-पिता, भाई, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की उम्मीद है।

बलिदानी के पिता गुरदेव सिंह ने बताया कि करीब चार दिन पहले फोन पर उनकी लखविंदर से बात हुई थी। कहा था कि सब ठीक है। परिवार के सभी लोगों का हालचाल जाना था। इसके बाद उनकी बात नहीं हो सकी। करीब चार दिन से ही सिक्किम के हालात खराब हो गए थे। सोमवार शाम बेटे के बलिदान होने की सूचना मिली। यह कहकर उनकी आंखों में आंसू आ गए। आसपास बैठे लोगों ने उन्हें ढांढस बंधाया।

देश सेवा में बेटे के बलिदान होने पर बुजुर्ग पिता को गम है तो गर्व भी नजर आया। भाई पलविंदर की करीब एक सप्ताह पूर्व लखविंदर से बात हुई थी। कहा था कि सब ठीक है। इसके बाद उनकी बात नहीं हो सकी। बताया कि लखविंदर 50 दिन की छुट्टी पर घर आए थे। भाभी का प्रसव और बेटी के जन्म के बाद वह 20 अप्रैल को ड्यूटी पर गए थे। शाम के समय बलिदान होने की खबर मिली। पलविंदर तीन महीने पहले से विदेश से वापस आए हैं।

---

दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पांच तक नहीं चलेंगे भारी वाहन

# रोडवेज बसों और कार-बाइकों को छूट

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

गंगा दशहरा



पांच जून को गंगा दशहरा पर ब्रजघाट और तिगरी धाम में स्नान को देखते हुए मंगलवार से हाईवे पर भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। गंगा घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यातायात विभाग ने तीन जून दोपहर 12 बजे से पांच जून की रात दस बजे तक के लिए ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया है।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि डायवर्जन को लागू कराने के लिए मंगलवार की दोपहर में जगह-जगह फोर्स तैनात कर दी जाएगी। डायवर्जन के दौरान दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन, मालवाहक वाहन जैसी निजी बसें, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली के संचालन पर रोक रहेगी।एसपी ने बताया कि फिलहाल बाइक-कार व रोडवेज बसों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, अगर भीड़ बढ़ी तो हल्के वाहनों और रोडवेज बसों को भी बदले हुए मार्गों से

### इन रास्तों से गुजरेंगे भारी वाहन

मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले भारी वाहन वाया टीएमयू अंडरपास, शेरूआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए जाएंगे। मुरादाबाद से हापुड़ गाजियाबाद और दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहन बिलारी, चंदौसी, बबराला नरौरा, डिबाई बुलंदशहर होते हुए जाएंगे।

## चिंतन

# कमल हासन को फटकार बयानवीरों के लिए सबक

देश की बड़ी शख्सियत को सोच-समझकर बयानबाजी करनी चाहिए। जब कोई व्यक्तित्व शख्सियत बन जाता है, तो वह केवल एक व्यक्ति नहीं रह जाता है, बल्कि एक विचार बन जाता है, उनका कद समाज को प्रभावित करने लगता है। तमिल सुपर स्टार अभिनेता कमल हासन ऐसी ही शख्सियत हैं, जिनके कहे शब्द लोगों को, समाज को प्रभावित करते हैं। कन्नड़ भाषा को लेकर उनके बयान लापरवाही भरे हैं और तथ्यों से परे हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को आईना दिखाया है कि 'आप बेशक कमल हासन होंगे, पर आप किसी की भी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते, आपको कोई हक नहीं है'। कमल को कोर्ट की यह फटकार बयानवीरों के लिए सबक है। बेशक तमिल भारत की प्राचीन भाषाओं में से एक है, लेकिन कन्नड़ भी अति प्राचीन भाषा ही है। मलयालम, तेलुगु की तरह तमिल और कन्नड़ भी द्रविड़ परिवार की भाषा है, लेकिन भाषा इतिहास में ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि कन्नड़ की उत्पत्ति तमिल से ही हुई है। तमिल भाषा की उत्पत्ति करीब 3000 वर्ष पहले हुई थी, जबकि कन्नड़ भाषा की उत्पत्ति करीब 2500 वर्ष पहले। इसके बावजूद भाषा इतिहास विज्ञानी इस बात पर एकमत नहीं हैं कि कन्नड़ का विकास तमिल से हुआ है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन से ठीक ही पूछा कि आप इतिहासकार हैं या भाषाविद? हमारे देश में अनेक बड़े लोग खासकर राजनीतिज्ञ सर्वज्ञानी होने के भ्रम में अनेक बार गलतबयानी करते हैं और विवाद पैदा करते हैं। कई बार वे सुर्खियां बटोरने के लिए सयास करते हैं। विवाद फिल्म प्रोमोशन का भी तरीका रहा है। कमल हासन अभेनेता भी हैं और राजनेता भी हैं। ऐसे में तमिल स्मिता की राजनीति से वे तमिलनाडु की सियासत में अपनी जगह बनाना चाहते हैं। ऐसे में उनका तमिल व कन्नड़ भाषा पर बयान राजनीति चमकाने व प्रचार पाने के मकसद से दिया हुआ हो सकता है, लेकिन हाईकोर्ट ने जिस तरह से चेताया है, उससे उन्हें सबक सीखने की जरूरत है। कमल हासन ने अपनी फिल्म के ठग लाइफ के प्रमोशन के दौरान कह दिया था कि 'कन्नड़ तमिल भाषा से ही पैदा हुई है'। गलत बयानी के चलते अनेक राजनीतिक विवाद अदालतों में हैं। अतीत में राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल आदि समेत कई नेताओं को अपनी गलत बयानी के लिए अदालतों की चौखट तक जाना पड़ा है। कमल ठग लाइफ को रिलीज कराने की तैयारी में हैं, अगर उसकी पब्लिस्टी के लिए कन्नड़ पर तथ्यहीन बयानी की है, तो पब्लिस्टी का यह सबसे खराब तरीका है। कमल केवल तमिल स्टार नहीं हैं, बल्कि दक्षिण के सभी राज्यों समेत देश भर के सुपर स्टार हैं। उन्हें दक्षिण की परिपाटी की तरह राजनीति करनी ही है, तो उन्हें समझना चाहिए कि राजनीति और भी संवेदनशील मामला है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कमल हासन के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जल, भूमि और भाषा, ये तीनों हर नागरिक की पहचान से जुड़ी होती हैं। तमिल और कन्नड़ भाषाएं द्रविड़ भाषा परिवार से हैं और इनमें काफी समानताएं हैं, खासकर व्याकरण और शब्दावली के मामले में। हालांकि, ये अलग-अलग भाषाओं के रूप में विकसित हुई हैं और इनके साहित्यिक इतिहास भी अलग हैं। कन्नड़ भाषा तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से ही एक बोली जाने वाली प्रचीनतम भाषा है। कन्नड़ को 2008 में भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा के रूप में घोषित किया गया था। भाषा पर विवाद पैदा करके देश की एकता व अखंडता को कमजोर नहीं करना चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी पर विवाद पहले से ही है।

## सारा संसार



*भगवान श्री कृष्ण की प्रेममय लीलास्थली के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वृंदावन में एक भव्य मंदिर लीलाधाम की स्थापना की गई। 221 फीट ऊंचे, सफेद पत्थरों वाले मंदिर में नौ मंजिला मंदिर की स्थापना सन 1969 में श्रीमद लीलानंद ठाकुर जी (पागलबाबा) द्वारा की गई।*

## कुदरत

डॉ कविता सिंधू ख़रीटा



# परिंदों की चहचहाहट: आशा की एक विलक्षण भाषा

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं या टीवी ऑन करते हैं, तो हमारे सामने युद्ध, राजनीति, और समाज की गहरी चिंताओं से जुड़ी खबरें होती हैं। सड़कों पर चलते चेहरे थकान, चिंता और निराशा से भरे होते हैं, लेकिन इसी दुनिया में, इसी समय में, कुछ ऐसा भी है जो हमें इन सबसे ऊपर उठने की शक्ति देता है वो हैं चहचहाते परिंदे। मैंने यह महसूस किया है कि दिन की शुरुआत अगर इन परिंदों को देखकर हो, तो जीवन के कठोर यथार्थ के बीच भी एक मधुर संगीत सुनाई देता है, जो हमें सुकून देता है। कमरे की खिड़की पर बैठा एक छोटा सा परिंदा जब अपने नन्हे पंख फड़फड़ाता है या खुले लॉन में उड़ता है, तो लगता है जैसे प्रकृति हमें अब भी प्रेम और मासूमियत का संदेश दे रही है। इन परिंदों की मौजूदगी हमें याद दिलाती है कि इस जटिल और बेरहम समय में भी अगर हमारे पास देखने के लिए दो भोली आंखें और महसूस करने के लिए एक धड़कता दिल है, तो पृथ्वी पर अभी भी प्रेम, उल्लास और करुणा मौजूद हैं। यह दृश्य महज़ एक प्राकृतिक सौंदर्य नहीं,



बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की आशा, विश्वास और करुणा को जीवित रखें क्योंकि करुणा ही हमें सभी जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रखने की प्रेरणा देती है। जब हम परिंदों को देखते हैं, हम मानो खुद से, और इस दुनिया की सुंदरता से फिर से जुड़ जाते हैं। परिंदों की चहचहाहट केवल ध्वनि नहीं, वह एक मौन संवाद है, जो हमें कहता है कि जीवन अभी समाप्त नहीं हुआ है, कि हर अंधेरे के बाद एक सुबह होती है, और हर सर्दी के बाद वसंत लौटता है। जब ये परिंदे सुबह के शांत आकाश में उड़ते हैं, तो लगता है मानो वे जीवन के गीत गा रहे हों, गीत जो संघर्ष के बावजूद उम्मीदों से भरे हैं। इन नन्हें पंखों में जो उड़ान है, वह केवल आकाश में ऊँचाई को नापने की नहीं, बल्कि हमारे मन में जमी उदासी की परतों को हटाने की है। वे हमें याद दिलाते हैं कि अगर हम चाहे तो हर दिन एक नई शुरुआत हो सकती है एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, एक नया विश्वास। आखिरकार, परिंदों की चहचहाहट एक अनकही कविता है प्रकृति द्वारा रची गई, हर दिल को छू लेने वाली, हर आत्मा को जगा देने वाली। यह आशा की वह भाषा है जिसे न तो किसी अनुवाद की आवश्यकता है और न ही किसी औपचारिकता की। यह सीधा दिल से दिल तक पहुंचती है। तो अगली बार जब आप किसी परिंदे को चहचहाते सुनें या उड़ते हुए देखें, तो बस एक पल रुक जाइए और भीतर तक गहराई से महसूस कीजिए कि आप भी उसी आशा का ही एक हिस्सा हैं, जो हर सुबह हमारे आसमान में पंख फैलाकर उड़ान भरती है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं।)



दरकार
राज कुमार सिंह

# बदजुबान राजनीति पर लगाम लगे

राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध भाषा की मर्यादा तो हमारी राजनीति बहुत पहले भूल चुकी है, लेकिन अब देश और समाज के व्यापक हितों की अनदेखी करने में भी राजनेताओं को संकोच नहीं। महज चुनावी जीत के फेर में राजनीति अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारियों-जवाबदेहियों से मुक्त नहीं हो सकती। भाजपा तो बिलकुल भी नहीं, जो चाल, चरित्र और चेहरे के जरिये अलग तरह की साफ-सुथरी राजनीतिक संस्कृति की वाहक होने का दावा करती है। अगर संबंधित दल का आलाकमान बदजुबान राजनीति पर लगाम कसने का साहस नहीं करता तो मतदाताओं को ऐसे नेताओं को नकारने का संकल्प लेना चाहिए।

भाजपा ने कर्नाटक में अपने दो विधायकों एसटी सोमशेखर और शिवराम हेब्बर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते छह साल के लिए निकाल दिया, लेकिन देश और समाज विरोधी बयान देने वाले नेताओं के विरुद्ध किसी तरह की कार्रवाई अभी तक किसी दल में नजर नहीं आती। ऐसे नेताओं की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध भाषा की मर्यादा तो हमारी राजनीति बहुत पहले भूल चुकी है, लेकिन अब देश और समाज के व्यापक हितों की अनदेखी करने में भी राजनेताओं को संकोच नहीं। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर की मीडिया ब्रीफिंग की जिम्मेदारी तीन वरिष्ठ अधिकारियों विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को देने के पीछे सरकार और सेना की सोच बड़ा संदेश देने की रही होगी, लेकिन खुद सत्तारूढ़ दल भाजपा के नेताओं की गैरजिम्मेदार बयानबाजी ने सरकार और पार्टी के साथ-साथ देश को भी शर्मसार कर दिया है। ऐसे बयानवीरों की कमी तो भाजपा समेत किसी भी दल में कभी नहीं रही, पर ताजा प्रकरण में पहला बयान मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का आया। शाह ने एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में कर्नल सोफिया पर कहा कि 'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी-तैसी करने उनके घर भेजा।'

यह बयान समाज ही नहीं, देश विरोधी भी है, लेकिन चौतरफा निंदा के बावजूद शाह के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर भी शाह कानून के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे हैं तो उसका श्रेय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर खंडपीठ को जाता है, जिसने स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर का आदेश दिया। फिर भी लेटलतीफी दिखाते हुए पुलिस ने जैसी लचर एफआईआर लिखी, उससे संदेश गया कि 'ऊपर वाले' शाह को बचा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए सही ढंग से एफआईआर लिखवायी और अपनी निगरानी में जांच की बात कही तो शाह सर्वोच्च न्यायालय चले गए। सर्वोच्च न्यायालय ने शाह की माफी को तो मगरमच्छ के आंसू मानते हुए अस्वीकार कर दिया, लेकिन उच्च न्यायालय में सुनवाई तथा एसआईटी जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी से राहत दे दी। बेशक शाह को कानूनी राहत मिल गई है, पर भाजपा उन्हें कम से कम मंत्री पद से हटाने की नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, शाह से भी आगे निकल गए। उन्होंने कह दिया कि 'प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे, जिनके चरणों में पूरा देश, देश की सेना और वो सैनिक नतमस्तक हैं।' जिस सेना के शौर्य को देश नमन करता है, उसका ऐसा अपमान असहनीय है। फिर भी देवड़ा के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच आया मध्य प्रदेश के भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति का यह बयान भी देश और सेना का मान बढ़ाने वाला तो हरगिज नहीं कि अचानक संघर्ष विराम संयुक्त राष्ट्र संघ के दबाव में करना पड़ा। आपत्तिजनक बयानबाजी का सिलसिला



यहीं नहीं रुकता। हरियाणा भाजपा के बुजुर्ग नेता एवं राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अहिल्याबाई होल्कर संबंधी एक कार्यक्रम में संवेदनहीन बयान दे दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जिन 26 बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, उनमें 'वीरांगना का भाव' नहीं था। हमारे लोग हाथ जोड़ते हुए मारे गए। भला हाथ जोड़ने से कोई छोड़ देता है! अगर हमारे पर्यटक, आतंकवादियों से लड़ने का साहस दिखाते तो शायद कम लोग मारे जाते और कुछ आतंकी भी मारे जाते। जिनके पति आंखों के सामने ही आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गए, जांगड़ा का बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने से कम नहीं। उस बयान की भी चौतरफा निंदा हुई, लेकिन अन्य बयानवीरों की तरह जांगड़ा ने भी सफाई दे दी कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर गलत संदर्भ में पेश किया गया। बेशक भाजपा ने इन बयानों से असहमति जताई।

राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों-उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी, बोलते समय संयम की नसीहत दोहरा चुके हैं, लेकिन भाजपा नेता हैं कि मानते ही नहीं। हाल ही में कर्नाटक के भाजपा विधायक एन रविकुमार ने कलबुर्गी की उपायुक्त फौजिया तरन्नुम की बाबत टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि वह पाकिस्तान से आई हैं। मामला बढ़ते देख रविकुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि उनकी जुबान फिसल गई थी, लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, इसलिए इस मामले में एफआईआर दर्ज हो गई।


अन्य दलों के नेता भी विवादित बयानबाजी में पीछे नहीं। राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने तो एयर मार्शल भारती और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर के जरिये समाजवादी पार्टी की 'पीडीए' वोट बैंक की राजनीति करने में भी संकोच नहीं किया। देश की खातिर सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहने वाली भारतीय सेना के ऐसे अपमान पर सपा आलाकमान का मौन खुद उसे भी कठघरे में खड़ा कर देता है। पहलगाम हमले के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने जिस तरह नीबू-मिर्च टांग कर राफेल विमान का फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वह सेना की साख से खिलवाड़ के साथ ही राष्ट्रविरोध से भी कम नहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत अब सफाई दे रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को नहीं, उस पर राजनीति को असफल बताया था। सरकार और भाजपा पर निशाना साधते-साधते कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत अन्य कुछ कांग्रेसी नेताओं के बयान भी लक्ष्मण रेखा लांघ गए, लेकिन कार्रवाई उन मामलों में भी होती नजर नहीं आई। जिम्मेदार समझे जाने वाले राजनेताओं के ऐसे गैर जिम्मेदार बयान हमारी राजनीतिक संस्कृति को भी कठघरे में खड़ा करते हैं।

राजनीति जिस तरह विचार से विमुख होकर चुनावी समीकरण पर केंद्रित होती जा रही है, उसके चलते भी कई बार राजनीतिक दल ऐसे बदजुबान नेताओं पर कार्रवाई करने से हिचकते हैं। मसलन, आठवीं बार विधायक बने विजय शाह की गिनती मध्य प्रदेश में असरदार आदिवासी नेताओं में होती है। छठी बार विधायक बने जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति समुदाय को साधने के लिए उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। भाजपा को डर हो सकता है कि जाति-समुदाय विशेष के चेहरे बने इन नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई से चुनावी नुकसान हो सकता है। ऐसा संभव भी है, लेकिन महज चुनावी जीत के फेर में राजनीति अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारियों-जवाबदेहियों से मुक्त नहीं हो सकती। भाजपा तो बिलकुल भी नहीं, जो चाल, चरित्र और चेहरे के जरिये अलग तरह की साफ-सुथरी राजनीतिक संस्कृति की वाहक होने का दावा करती है। अगर संबंधित दल का आलाकमान बदजुबान राजनीति पर लगाम कसने का साहस नहीं करता तो मतदाताओं को ऐसे नेताओं को नकारने का संकल्प लेना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
**दर्शन**

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
**प्रेरणा**

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - चंद्रकांत पांडे, रायगढ़

## ट्रेंड

### रचनात्मक भूमिका को तैयार



अन्नालेना बारबॉक को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई। महासभा की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत आपके नेतृत्व में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।
-एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### बिना शर्त रिहाई का आह्वान



जून में यमन में हूथी अधिकारियों द्वारा राजनयिक मिशनों के दर्जनों कर्मियों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने की घटना को एक साल हो गया है। मैं उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।
-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बीजेपी सिर्फ़ चुनाव लड़ेगी



भारतीय सेना पाकिस्तान से लड़ेगी। भारतीय सेना चीन से लड़ेगी। जनता अशिक्षा से लड़ेगी। बेरोजगारी से लड़ेगी। महंगाई से लड़ेगी। करोना से लड़ेगी। बीजेपी सिर्फ़ चुनाव लड़ेगी।
-संजय सिंह, आप नेता


### रोगियों के लिए अच्छी खबर



बिकारा ने सिर, गर्दन के कैंसर में फिसेराफुस्प अल्फा कीटुडा के लिए उत्तरजीविता डेटा प्रस्तुत किया: 21.3 महीने - 2 साल बाद गहरी और टिकाऊ प्रतिक्रिया अंतिम चरण के एचएनएससीसी रोगियों के लिए बहुत अच्छी खबर है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# संरा महासभा ने जर्मनी की बेयरबॉक को अध्यक्ष चुना



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा शिमड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए शिमड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, ''सुश्री बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।'' पोलियांस्की ने उन पर ''रूस विरोधी नीति'' अपनाने का आरोप लगाया साथ ही इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि वह महासभा की अध्यक्ष के रूप में ''शांति और वार्ता के हित में कार्य करने में सक्षम होंगी।''

## ऑफ बीट

# क्या एआई एक संज्ञानात्मक क्रांति को जन्म दे रही है?




कृत्रिम मेधा (एआई) की शुरुआत मानव मस्तिष्क का अनुकरण करने की खोज के रूप में हुई थी। लेकिन अब यह हमारे दैनिक जीवन में मानव मस्तिष्क की भूमिका को बदलने की प्रक्रिया में है? औद्योगिक क्रांति ने शारीरिक श्रम की आवश्यकता को कम कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एआई के अनुप्रयोग पर शोध करने वाले व्यक्ति के रूप में मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक सका कि क्या एआई ज्ञान संबंधी क्रांति को बढ़ावा दे रही है या फिर ज्ञान संबंधी प्रक्रियाओं की आवश्यकता को समाप्त कर रही है क्योंकि एआई विद्यार्थियों, श्रमिकों और कलाकारों के लेखन, डिजाइन और निर्णय लेने के तरीके को नया आकार देती है। ग्राफिक डिजाइनर अपने ग्राहकों को अपने काम का नमूना दिखाने के लिए एआई का उपयोग करते हैं। बाजार में मौजूद कंपनियां एआई निर्मित प्रोफाइल बनाकर इस बात की तसदीक करती हैं कि उनके विज्ञापन किस तरह काम करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर एआई कोडिंग सहायकों से काम कराते हैं। छात्र रिकॉर्ड समय में निबंध की तैयारी के लिए एआई का उपयोग करते हैं और शिक्षक प्रतिक्रिया देने के लिए इसी तरह के टूल का उपयोग करते हैं। आर्थिक और सांस्कृतिक निहितार्थ हैं ज्यादा क्या होगा, जब लेखक को सही वाक्य लिखने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जल्द शुरू हो सकती है महिला समृद्धि योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार महिला समृद्धि योजना की शुरुआत कर रही है। माना जा रहा है कि ये योजना जल्द शुरू हो सकती है



जिसका लाभ दिल्ली की महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में महिलाओं को हर माह 2500 रुपए देने का प्रावधान है। कई तरह की अलग-अलग योजनाएं मौजूदा समय में चल रही हैं और इनसे एक बड़ी संख्या में लोग जुड़े भी हुए हैं। इसमें केंद्र सरकार की अलग और राज्य सरकार की कई अलग योजनाएं हैं। पात्र हैं तो आवेदन कर सकते हैं।

### शारीरिक संबध बनाने का दबाव,की आत्महत्या

**मंडी।** यहां एक प्रशिक्षु कंम्यूटर इंजीनियर पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव था। जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। कॉलेज के



होस्टल में सीसीटीवी फुटेज की भी छानबीन की जा चुकी है। मृतक अर्पित की मां का आरोप है कि प्रथम वर्ष की एक छात्रा उसे ब्लैकमेल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। प्रशिक्षु छात्रा शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करती थी। इसी से तंग आकर युवक ने फंदा लगाया था। उधर, मामले को लेकर डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि आरोपी लड़की को हिरासत में भेज दिया है।

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता को पीएम ने रफ्तार दी

**नई दिल्ली।** देश तेल और गैस क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नो गो' एरिया खोलकर भारत की ऊर्जा



आत्मनिर्भरता की यात्रा को रफ्तार दी है। केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को यह बयान दिया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तेल व गैस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन समुद्र की गहराई से आसमान की नई ऊंचाई की ओर है।

# तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए, केवल 'जब्ती' बनाने से काम नहीं चलेगा

**बड़ी तस्करी की चेन को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करनी होगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से तेजी से जटिल होते भू-राजनीतिक वातावरण और सुरक्षा खतरों के बीच तस्करी नेटवर्क और मादक पदार्थों के व्यापार से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी-ड्रिवन अप्रोच अपनाने को कहा। डीआरआई के नए मुख्यालय का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सतही स्तर के प्रवर्तन से आगे जाकर गहरे प्रणालीगत खतरों को सामने लाने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए, जो केवल ऊपरी जब्ती तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर आप छोटी मछलियां पकड़ते हैं तो यह अच्छा नहीं है। बड़ी तस्करी की चेन को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करनी होगी। हमें उन नापाक चेन को खत्म करना होगा। सीतारमण ने मादक पदार्थों को सबसे गंभीर राष्ट्रीय खतरा बताया और स्कूलों और कॉलेजों को मादक पदार्थ तस्करों के निशाने पर आने से रोकने के लिए राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ तत्काल समन्वय का आह्वान किया। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' मंत्र को वह भावना बताया जिसके साथ प्रवर्तन एजेंसियां आगे बढ़ती हैं। उन्होंने प्रवर्तन ढांचे में आधुनिक टेक्नोलॉजी के गहन और तेज एकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेटा-संचालित, खुफिया-संचालित कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा, एआई के बारे में बहुत सारी बातें हो रही हैं, लेकिन अब मैं एआई का उपयोग करके ठोस परिणाम देखना चाहती हूं।

**तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए**

*वित्त मंत्री ने कहा कि अगर आप छोटी मछलियां पकड़ते हैं तो यह अच्छा नहीं है*

*वित्त मंत्री ने डीआरआई से बड़े तस्करी नेटवर्क को तोड़ने और मादक पदार्थों के व्यापार पर अंकुश लगाने को कहा*



वित्त मंत्री ने प्रवर्तन एजेंसियों के लिए तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए, जिसमें नियमों को निष्पक्ष रूप से लागू करना, व्यापार प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना और प्रवर्तन को उच्च प्रभाव वाला बनाना शामिल हैं। वित्त मंत्री ने प्रवर्तन एजेंसियों के लिए तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए, जिसमें नियमों को निष्पक्ष रूप से लागू करना, व्यापार प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना और प्रवर्तन को उच्च प्रभाव वाला बनाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिक आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे डेटा एनालिटिक्स और इसी तरह की अन्य चीजों के उपयोग को सिस्टम में गहराई से और अच्छी तरह से एकीकृत करने की आवश्यकता है।

**बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत**

# सिक्किम में हेलिकॉप्टर से 36 लोगों का रेस्क्यू राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में खबर लिखे जाने तक तेज बारिश हो रही थी। मंगलवार को राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने किया है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है।

असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

- असम में बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 11 लोगों की मौत
- सिक्किम में लैंडस्लाइड में फंसे 1678 टूरिस्ट्स का रेस्क्यू किया
- बिहार के सीवान में आंधी-तूफान से भारी नुकसान
- असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित

**100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे**



उत्तरी सिक्किम के लाचेंग-चुंगथांग कस्बों में लैंडस्लाइड के कारण फंसे 1678 टूरिस्ट्स रेस्क्यू किए गए। इसमें 36 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। 100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे हैं। मंगन जिले में बाढ़ को आपदा घोषित किया गया है। 31 मई की शाम जिले के छातेन में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड में 3 जवानों की मौत हुई थी। लापता 6 जवानों की तलाश जारी है।

### त्रिपुरा में सुधार

बाढ़ के हालात में सुधार हुआ है। नदियां खतरे के निशान से नीचे हैं। राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में 66 राहत शिविर खोले गए हैं, यहां 2926 परिवारों को 10800 से ज्यादा लोग मौजूद हैं। पश्चिमी त्रिपुरा जिले में सबसे अधिक ज्यादा 50 राहत शिविर हैं। राज्य में 219 घर बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के 5 जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी है।

### अरुणाचल में रेस्क्यू कर 14 को बचाया

एयरफोर्स ने सोमवार को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। प्रदेश के निचली घाटी दिबांग में बोमजीर नदी में फंसे 14 व्यक्तियों को बचाया गया। वायुसेना के मुताबिक असम और अरुणाचल प्रदेश में एमआई-17 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बाढ़ग्रस्त इलाकों से लोगों को निकाला जा रहा है।

### मणिपुर में बाढ़ से 56 हजार प्रभावित

बाढ़ से 56,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से 10,477 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। सोमवार को इंफाल ईस्ट में एक व्यक्ति नदी में बह जाने के बाद लापता हो गया। प्रभावित क्षेत्रों से 2,913 लोगों को निकाला गया है।

### मेघालय में लैंडस्लाइड

राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड, कीचड़ और चट्टान गिरने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके कारण राजधानी आइजोल में मंगलवार को लगातार चौथे दिन सभी स्कूल बंद रहे। आइजोल में मंगलवार सुबह भी भारी बारिश हुई।

### यूपी बिहार में आंधी और हुई बारिश

इधर, बिहार के सीवान में सोमवार को आंधी-बारिश के बाद दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग इलाकों में 2 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जयपुर में भी दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 38 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार के 6 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार हैं। इन इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटे में सीवान, छपरा, सहरसा और पूर्णिया में तेज हवा के साथ आंधी चली और तेज बारिश भी हुई। राजस्थान में सोमवार को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया। इस सिस्टम का असर मंगलवार, बुधवार को ज्यादा रहेगा। मंगलवार को प्रदेश के 21 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 10 जिलों में यलो अलर्ट है। 4, 5 और 6 जून को भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को जयपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, भरतपुर, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर में दोपहर बाद बारिश हुई। यूपी में सोमवार की शाम मौसम बदल गया। झांसी, कानपुर देहात, फतेहपुर और सुल्तानपुर में बारिश हुई।

**घग्गर नदी में बाढ़ की संभावना को लेकर लोगों में भय: सैलजा**

# कहा- सिरसा जिला में घग्गर नदी पांच बार दिखा चुकी है तबाही का मंजर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लगभग हर साल बरसात में घग्गर नदी में बाढ़ का खतरा बना रहता है, कई बार भयावह हालात पैदा हुए है। इस बार घग्घर में पानी आ चुका है पर सिंचाई विभाग न तो तटबंध मजबूत कर पाया और न ही साफ सफाई करवा पाया, अगर भविष्य ने संभावित बाढ़ से कोई नुकसान होता है तो अधिकारी अपनी गलती मानने के बजाए एक ही बात कहेंगे कि तटबंधों में चूहों द्वारा बिल बनाने से ही तटबंध टूटे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में फतेहाबाद और सिरसा में घग्घर नदी में आई बाढ़ और रंगोई नाला के उफान से भारी तबाही हुई थी, हजारों हैक्टेयर फसल बर्बाद हो गई थी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि घग्गर नदी पंजाब सीमा से जाखल के पास हरियाणा में प्रवेश करती है। फतेहाबाद जिले में घग्गर नदी लगभग 84 किलोमीटर लंबी बहती है। सिरसा जिले में से गुजरने वाली घग्गर नदी की 90 किलोमीटर लंबाई है। इस नदी में बरसात के दिनों में जलस्तर बढ़ता है, कई बार बाढ़ से दोनों ही जिलों में हालात बिगड़ जाते है। उन्होंने कहा कि घग्घर नदी की सफाई और उसके तटबंधों की मजबूती के लिए हर साल की ओर से बजट आता है। विभाग की टीम घग्घर नदी क्षेत्र में तटबंधों का निरीक्षण करती है जहां पर उसके तटबंध कमजोर दिखाई देते है वहां पर मरम्मत कराई जाती है, नदी के अंदर साफ सफाई करवाई जाती है और यह कार्य मानसून से पूर्व करवाया जाता है पर अभी तक ऐसा कुछ किया गया है दिखाई नहीं दे रहा है, जबकि घग्गर नदी में पानी बढ़ना शुरू हो गया है।

### तटबंधों को करें मजबूत

सैलजा ने कहा कि घग्गर नदी में जलस्तर बढ़ने पर कमजोर तटबंध टूट जाते है और फसलें तबाह हो जाती है और कभी कभी बाढ़ से हालात बिगड़ जाते हैं तब विभाग हाथ मलता हुआ रह जाता है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसान का ही होता है। सांसद ने कहा कि घग्गर के साथ लगने वाले खैरंका, झोपड़ा, मुसाहिबवाला, रंगा, लहंगेवाला, पनिहारी, ढाणी दिलबाग सिंह, कर्मगढ़, नागौकी, फरवांई कलां, बूढ़ाभाणा, नेजाडेला कलां व ओटू तक दर्जन भर गांव है जहां बाढ़ आने पर नुकसान की संभावना अधिक रहती है। जब बारिश का पानी आएगा तो घग्गर नदी के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। कहने को तो जिला प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कमेटियां गठित करता है कंट्रोल रूम बनाता है। अगर इतना ही ध्यान तटबंधों को मजबूत करने और नदी की सफाई पर दिया जाए तो बाढ़ के संभावित खतरे को टाला जा सकता है। घग्गर नदी के कमजोर तटबंधों के कारण समीप के गांवों के लोगों में हर समय बाढ़ का भय बना

### किसानों की समस्याओं पर सरकार स्पष्ट नीति बनाए

*रानियां हलके में हाल ही में किसानों और प्रशासन के बीच घग्गर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइप हटाए जाने को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह दर्शाता है कि सरकार के पास किसानों के हितों को लेकर कोई स्पष्ट और स्थायी नीति नहीं है। इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों को घग्गर की नहरों से पानी मिलना उनका हक है और इस व्यवस्था को बिना वैकल्पिक समाधान के तोडना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। मानसून का मौसम आने को है, फ्लड (बाढ़) की आशंका बनी हुई है, लेकिन घग्गर नदी के तटबंधों की मरम्मत और मजबूती का कार्य अभी तक अधूरा है। इससे किसानों में गहरी नाराजगी और चिंता है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिले, इसके लिए एक स्थायी और स्पष्ट नीति बनाई जाए, नहरों नेहरुओं की पाइप हटाने से पहले किसानों से संवाद किया जाए और विकल्प प्रदान किए जाएं, संभावित बाढ़ से पहले तटबंधों की तुरंत मरम्मत करवाई जाए।*

# सीएम ने कमीशन की रिपोर्टों के कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाने के दिए निर्देश

**रेशनलाइजेशन कमीशन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपी 18 रिपोर्ट**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मंगलवार को आयोजित एक बैठक के दौरान रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा के अध्यक्ष राजन गुप्ता, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा 18 रिपोर्टों का पहला सेट प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों के पुनर्गठन की सिफारिश करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इन निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है।

कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को स्वीकार करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को कमीशन की रिपोर्टों के कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पांच विभागों को पायलट आधार पर लिया जाना चाहिए। इन विभागों में हरियाणा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई, खान एवं भूविज्ञान, बागवानी और शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं। अन्य 23 विभागों की कवायद अंतिम चरण में आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में 16 विभाग-विशिष्ट रिपोर्ट और दो सामान्य रिपोर्ट शामिल हैं।

### बाढ़ नियंत्रण के लिए स्वतंत्र विभाग का प्रस्ताव



इसमें मौजूदा सिंचाई विभाग को दो अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करके बाढ़ नियंत्रण के लिए एक स्वतंत्र जल निकासी और भूजल पुनर्भरण विभाग के निर्माण का भी प्रस्ताव किया गया। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में कई विभागों में नए संस्थानों की स्थापना और अनावश्यक संस्थानों को बंद करने का सुझाव दिया गया। दो या तीन विभागों को छोड़कर, लगभग सभी अन्य विभागों में पदों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। राज्य सरकार की मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कमीशन ने उक्त 21 विभागों में मौजूदा 1,04,980 पदों के मुकाबले 1,05,832 पदों के सृजन की संस्तुति की है।

### 23 विभागों के संबंध में कवायद अंतिम चरण में

16 रिपोर्ट में सभी इंजीनियरिंग विभागों के साथ-साथ परिवहन, शहरी स्थानीय निकाय, कृषि, उच्च शिक्षा और अन्य शामिल हैं। राजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि 5 रिपोर्टों का एक और सेट लगभग पूरा हो चुका है और कुछ दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा। अन्य 23 विभागों के संबंध में कवायद अंतिम चरण में है। कमीशन ने 21 विभागों में मौजूदा 1,04,980 पदों के मुकाबले 1,05,832 पदों के सृजन की संस्तुति की आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 88 नगर निगमों, परिषदों और समितियों के साथ-साथ 179 सरकारी कॉलेजों में से प्रत्येक के लिए संशोधित संरचना की संस्तुति की।

### 2023 में कमीशन का गठन किया

आयोग ने निम्नतम स्तर के कार्यालयों से लेकर विभागीय प्रमुखों तक विभागों का किया पुनर्गठन रेशनलाइजेशन कमीशन के अध्यक्ष गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आयोग की रिपोर्ट का उद्देश्य उन विभागों के निम्नतम स्तर को पूर्ण रूप से सशक्त बनाकर विभागीय दक्षता में सुधार करना है, जो मुख्य रूप से जनता से संवाद करते हैं, ताकि वे अधिक उत्तरदायी और जवाबदेह बन सकें। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2023 में विभिन्न सरकारी विभागों तथा उनके बोर्ड एवं निगमों के पुनर्गठन की सिफारिश करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन का गठन किया था, जिसका उद्देश्य इन संस्थाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी तथा जनता की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी बनाना है। इसके अतिरिक्त, कमीशन को विभागीय दक्षता में सुधार लाने तथा सभी स्तरों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रबंधन प्रणाली शुरू करने का सुझाव देने का कार्य सौंपा गया था। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**खनन एवं भू-गर्भ विभाग के महानिदेशक ने की समीक्षा**

# खनन विभाग के अदालतों में लंबित मामलों में समय से पैरवी करें विभाग: केएम पांडुरंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के खनन एवं भू-गर्भ विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने कहा कि खनन विभाग से संबंधित जितने भी मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं उन्हें जल्द से जल्द पैरवी कर निपटाया जाए। सभी मुकद्दमों की एक सूची तैयार करें और इन पर समय-समय पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तैयार करें। वे हरियाणा भवन में खनन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दे रहे थे।

पांडुरंग ने कहा कि अभी खनन विभाग से संबंधित मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। प्रत्येक मामले में समय से पैरवी कर निपटारा करवाएं। विभाग के विभिन्न खनन कंपनियों पर बकाया राशि की भी तुरंत रिकवरी करें। रिकवरी सेल प्रत्येक रिकवरी के लिए प्रयास करे ताकि समय पर रिकवरी हो और निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि खनन विभाग के सभी अधिकारी अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कार्य करें। लगातार पैट्रोलिंग करें और अगर कहीं पर भी अवैध रूप से खनन हो रहा है तो तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने प्रदेश में चल रही सभी खनन साईटों की समीक्षा की और कहा कि अगर कहीं निशानदेही को लेकर दिक्कत आती है तो अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मामले का समाधान करे। अतिरिक्त निदेशक महेंद्र पाल, डॉ. माधवी गुप्ता, दीपक कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को लगाई फटकार**

# कहा- किस आधार पर बयान दिया, कमल हसन हो या कोई और

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्टर-डायरेक्टर और नेता कमल हासन को कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी करने के लिए मंगलवार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आपने किस आधार पर यह बयान दिया है? क्या आप इतिहासकार हैं या भाषाविद्? आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। वहीं, अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 जून को होगी। जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने श्रीराजगोपाल आचार्य का उदाहरण भी दिया, जिन्होंने 75 साल पहले ऐसा ही बयान दिया था। जस्टिस ने कहा, 75 साल पहले ऐसा ही बयान दिया गया था और तब श्री राजगोपाल ने माफी मांगी थी। आप (कमल हासन) क्यों नहीं मांग सकते? अब आप अपनी फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा मांग रहे हैं। माफी मांग लेते, वही काफी होता। कोर्ट ने कहा, कोई भी भाषा किसी दूसरी भाषा से पैदा नहीं होती। एक माफी से सब ठीक हो सकता था। भाषा लोगों की भावनात्मक और सांस्कृतिक पहचान है। जल, जमीन और भाषा नागरिकों के लिए जरूरी है।

- अभिनेता हसन ने कहा था- कन्नड़ भाषा तमिल से निकली
- केएफसीसी ने 'ठग लाइफ' की रिलीज पर भी बैन लगा दिया



### एक्टर की प्रोडक्शन कंपनी ने दायर की याचिका

*हासन की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए 2 जून को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा, इस देश का विभाजन भाषा के आधार पर हुआ है। नागरिकों के लिए जल, जमीन और भाषा का बहुत महत्व है। आपके बयान की वजह से अशांति फैली है। कर्नाटक के लोगों ने आपसे सिर्फ एक माफी की उम्मीद की थी, लेकिन आप यहां सुरक्षा मांगने आ गए। कोर्ट ने यह भी कहा कि एक साधारण माफी से यह मामला सुलझ सकता था।*

### कमल ने कन्नड़ एक्टर की तरफ इशारा किया था

*24 मई को फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशन इवेंट के दौरान कमल ने कन्नड़ एक्टर शिव राजकुमार की तरफ इशारा करके हुए टिप्पणी की थी। उन्होंने राजकुमार की ओर इशारा करके कहा था- शिव राजकुमार मेरे परिवार जैसे हैं, इसलिए यहां हैं। मैंने अपनी बात जीवन, संबंध और तमिल से शुरू की। आपकी भाषा (कन्नड़) तमिल से निकली है, इसलिए आप भी हमारे ही हिस्से हैं।*

### बयान गलत तरीके से पेश किया भावना को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता

दरअसल, कमल ने 24 मई चेन्नई में अपनी तमिल फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशनल इवेंट में कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से पैदा हुई है। कर्नाटक में इस बयान की काफी आलोचना हो रही है। कई कन्नड़ संगठन एक्टर से माफी की मांग कर रहे हैं। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) ने 'ठग लाइफ' की रिलीज पर भी बैन लगा दिया है। केएफसीसी ने कहा है कि जब तक हासन माफी नहीं मांगते, कर्नाटक में फिल्म रिलीज नहीं की जाएगी। कमल हासन ने केएफसीसी को एक पत्र लिखते हुए कहा, मुझे बहुत दुख है कि ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च पर उनका दिया हुआ बयान, जो डॉ. राजकुमार और उनके परिवार, खासकर शिव राजकुमार के लिए उनका सच्चा प्यार था। उसे गलत तरीके से पेश किया गया। मेरा उद्देश्य किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था।

## खबर संक्षेप



### सोना में मामूली बढ़त चांदी में भी सुधार

**नई दिल्ली।** रुपये में गिरावट के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई।

### एईकस ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल




**नई दिल्ली।** टिकाऊ उपभोक्ता सामान एवं वैमानिक उपकरण बनाने वाली अनुबंध आधारित विनिर्माण कंपनी एईकस ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए गोपनीय मार्ग के जरिये बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्राथमिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, एईकस का लक्ष्य इसके जरिये करीब 20 करोड़ डॉलर जुटाने का है।

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। पीएनबी ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टाटा मोटर्स की हैरियर ईवी हुई लांच, कीमत 21.49 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने मंगलवार को देश में अपनी इलेक्ट्रिक वाहन श्रृंखला का विस्तार करते हुए हैरियर.ईवी (बिजलीचालित वाहन) की पेशकश की। यह एक बैटरी इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जिसे एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर तक चलाया जा सकेगा। कंपनी को उम्मीद है कि नई इलेक्ट्रिक एसयूवी मुख्यधारा के प्रीमियम एसयूवी खंड के ग्राहकों को आकर्षित करेगी, जिसकी वर्तमान में प्रति माह लगभग 25,000 इकाई की बिक्री होती है। हैरियर.ईवी की शोरूम कीमत 21.49 लाख रुपए से शुरू होती है। इसकी बुकिंग दो जुलाई से शुरू होगी।

## एक बार के चार्ज में 500 किलोमीटर तक चलाया जा सकेगा

### ग्राहकों के नए वर्ग को आकर्षित करने की उम्मीद

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने बातचीत में कहा कि इस मॉडल के साथ कंपनी को ग्राहकों के एक नए वर्ग को आकर्षित करने उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''उच्च एसयूवी खंड में, हम जबर्दस्त वृद्धि देख रहे हैं, और हमें यह भी लगा कि इस खंड में एक ऐसा उत्पाद लाने का अवसर है जो प्रदर्शन में उत्साहजनक हो, जिसमें वैकल्पिक क्षमता हो और जो आराम को अगले स्तर पर ले जाए।''




### एसयूवी खंड में 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी

टाटा मोटर्स के पास वर्तमान में दो उत्पादों - हैरियर और सफारी के साथ उच्च एसयूवी खंड में लगभग 25 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी है। चंद्रा ने कहा कि हैरियर.ईवी, जो ऑल व्हील ड्राइव क्षमता और 504 एनएम के टॉर्क के साथ आती है, कंपनी की बिक्री की मात्रा और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद करेगी।

### लैंडरोवर का चेसिस

*हैरियर ईवी में खासतौर पर डिजाइन किए गए टरबाइन ब्लेड अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो इसके साइड प्रोफाइल को बेहतर बनाते हैं। लैंड रोवर डी8-बेस्ड ओमेगा प्लेटफॉर्म से लिए गए मोनोकोक चेसिस पर बेस्ड ये एसयूवी जगुआर लैंड रोवर के साथ साझेदारी में डेवलप की गई है। कंपनी ने इस एसयूवी के साथ ईवी सेग्मेंट में एक नई कहानी लिखने की कोशिश की है।*

### हैरियर ईवी का लुक और डिज़ाइन?

*कंपनी ने हैरियर ईवी में मूल मॉडल के बोल्ड और मस्कुलर स्टाइलिंग को बरकरार रखा है। इसमें डीजल वर्जन के समान डे-टाइम-रनिंग लाइट्स (डीआरएल) और हेडलैंप दिए गए हैं। लेकिन इसमें एक नया ग्रिल और बंपर मिलता है जो इसे एक अलग पहचान देता है। एक्सटीरियर बॉडी पर शार्प क्रीज और क्लीन लाइंस देखने को मिलती है। इसके अलावा कॉन्टिन्यूअस एलईडी डीआरएल की एक स्ट्रिप इसे और आकर्षक बनाती हैं।*

## नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट जारी की

# अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर दोहरी रणनीति अपनाये भारतः नीति रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाये जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैर-संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है। आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

### पॉल्ट्री पर शुल्क कम करने किया जाए विचार

इसमें कहा गया, ''अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।''

### प्रतिस्पर्धी क्षमता सुधारना होगा

रणनीतिक व्यापार प्रबंधन के साथ-साथ, भारत को अपने कृषि क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार के लिए मध्यम अवधि के संरचनात्मक सुधार करने चाहिए। इसमें कहा गया, ''इनमें उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को अपनाकर उत्पादकता अंतर को पाटना, बाजार सुधार, निजी क्षेत्र की भागीदारी, लॉजिस्टिक में सुधार और प्रतिस्पर्धी मूल्य श्रृंखलाओं का विकास शामिल है।''

### कृषि निर्यात से भारत को 5.75 अरब डॉलर की कमाई

*रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि भारत को झींगा, मछली, मसाले, चावल, चाय, कॉफी, रबड़ जैसे उच्च प्रदर्शन वाले निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार में अधिक पहुंच को बातचीत करनी चाहिए। भारत, अमेरिका को कृषि-निर्यात के जरिये सालाना लगभग 5.75 अरब डॉलर की कमाई करता है। शुल्क छूट के माध्यम से इसका विस्तार करना व्यापार वार्ता का हिस्सा होना चाहिए।*



**दोनों देश अपने निर्यात में विविधता ला रहे**

पिछले दो दशक में भारत-अमेरिका कृषि व्यापार में महत्वपूर्ण परिवर्तन और वृद्धि हुई है। यह द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के प्रगाढ़ होने का संकेत है। भारत और अमेरिका के बीच कृषि व्यापार की संरचना से पता चलता है कि दोनों देश अपने निर्यात में विविधता ला रहे हैं। फ्रोजन झींगा, बासमती चावल और मसालों जैसी पारंपरिक वस्तुओं का दबदबा बना हुआ है, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### जवाबी शुल्क से साझेदारों को लगा झटका

*रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। इसमें कहा गया, ''भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।''*

### भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक

*भारत दुनिया में खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो कि जीएम (जीन संवर्धित) है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है, ताकि उस देश में मांग को पूरा किया जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।*

### ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी ने बिगाड़ा ड्रैगन का खेल, अब हर मोर्चे पर फेल

**नई दिल्ली।** चीन की फैक्ट्री गतिविधियों में मई महीने में अचानक से भारी गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट 2022 के बाद सबसे तेज रही। इसकी वजह अमेरिका की सख्त टैरिफ नीति और वैश्विक व्यापार में बढ़ती अनिश्चितता मानी जा रही है।

### भारत बन चुका है दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** भारत के दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को लेकर छिड़ी बहस के बीच प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की सदस्य शमिका रवि ने सोमवार को कहा कि जीडीपी के एक बड़े असंगठित क्षेत्र को न मापे जाने के बावजूद भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने 26 मई को कहा था कि भारत 2025 के अंत तक दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। उसके पहले नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। रवि ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ऐसा बहुत ही महत्वपूर्ण असंगठित घटक के बावजूद है जिसे जीडीपी में मापा नहीं जाता है।'' इसके पहले 30 मई को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा था, ''नीति आयोग के सीईओ ने जो कहा, उसे नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य और पूर्व सीईए अरविंद विरमानी ने स्पष्ट किया है कि यह वित्त वर्ष 2025-26 की कहानी है।'' विरमानी ने कहा था कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की प्रक्रिया में है और यह 2025 के अंत तक हो जाएगा।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL8073-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TATA_1512 ENG. NO. HR38AD3319-YOM-2022
3) MAH SUPRO_MINI REG. NO. DL1LAM 7181-YOM-2024
4) TATA MOTORS TATA_1512 REG. NO. DL1GE2369-YOM-2023
5) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAH9608-YOM-2022
6) ASHOK_LEY ALDOSTGD REG.NO. UP14QT3853-YOM -NA
7) BHARATBENZ BB914RCGD1 REG. NO. HR38Y7668-YOM -2018
8) EICHR_VECV PRO2114CBC REG. NO. DL1GC9685-YOM -2021
9) TATA MOTORS T_LPT1613 REG. NO. HR55AC8870-YOM -2017
10) TATA MOTORS TLPT1912G REG. NO. DL1GE3353-YOM-2024
11 ) TATA MOTORS TLPT1109CH REG. NO. HR55AS5439-YOM- NA
12) EICHR_VECV VE1114FB REG. NO. HR63D7422-YOM-2018
13) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAM3885-YOM-2024
14) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH5195-YOM-2022
15) EICHR_VECV EICPRO3019 REG.NO. UP15FT7063-YOM -2022
16) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM5466-YOM-2024
17) ASHOK_LEY AL1215FBT REG. NO. HR38AG0125-YOM -NA
18) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH6772-YOM -2022
19) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAL8726-YOM -2023
20) TATA MOTORS SIG4923SS REG. NO. HR38X0389-YOM-2017

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 3 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

### नेस्ले इंडिया ने बीते वर्ष कर्मियों की संख्या घटाई

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया में स्थायी कर्मचारियों की संख्या में बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 3.8 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि मैगी और किटकैट बनाने वाली इस कंपनी ने अपने पूंजीगत व्यय में वृद्धि की है और यह नई क्षमताओं में निवेश कर रही है।
नेस्ले इंडिया के कुल स्थायी या पक्के कर्मचारियों की संख्या 2024-25 में 8,419 थी, जबकि एक साल पहले यह संख्या 8,736 थी। पिछले वित्त वर्ष में कर्मचारियों के औसत पारिश्रमिक में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 636 अंक टूटकर 81,000 अंक के नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया। घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। निवेशकों ने ऊर्जा, वित्त और आईटी शेयरों में बिकवाली की। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 636.24 अंक की गिरावट के साथ 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 174.10 अंक की गिरावट के साथ 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। अदाणी समूह ने सोमवार को कहा कि वह अपने किसी भी बंदरगाह पर ईरान से आने वाले किसी भी माल या ईरान के किसी भी जहाज के रखरखाव में शामिल नहीं है।

■ सेंसेक्स 636 अंक टूटकर 81,000 से नीचे

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इंडसइंड बैंक, मारुति, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। केवल महिंद्रा एंड महिंद्रा लाभ में रही।

### मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता सेवा की शुरू

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें। गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, '' सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण, 'कन्फर्म बुकिंग' की अवधि बदलती रहती है।

## जेईई एडवांस्ड 2025: एलन रायपुर के हर्षल गुप्ता ने पीडब्ल्यूबीडी कैटेगरी में हासिल की रैंक-1



**रायपुर।** देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2025 के नतीजे आईआईटी कानपुर द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। इस बार भी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर ने शानदार प्रदर्शन किया है। एलन रायपुर के 55 से अधिक छात्रों ने जेईई एडवांस्ड क्वालिफाई किया है, जिनमें से 3 छात्रों ने टॉप-300 में जगह बनाई है। एलन रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि संस्थान के छात्र हर्षल गुप्ता ने पीडब्ल्यूबीडी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर संस्थान और राज्य का नाम रोशन किया है। हर्षल को 260 अंक प्राप्त हुए हैं और उन्होंने जनरल कैटेगरी में भी एआईआर-214 अर्जित की है। इससे पहले जेईई-मेन परीक्षा में भी हर्षल ने पीडब्ल्यूबीडी कैटेगरी में रैंक-1 प्राप्त की थी। छत्तीसगढ़ टॉपर बने किंशुक कंडिया ने 265 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-179 हासिल की है। वहीं हर्ष कुमार ने एआईआर-259, पृथ्वी देवांगना ने 946, प्रद्युम्न गॉडुले ने 1030, तनीशा अग्रवाल ने 2407, श्रीसंत कुमार मोहराना ने 2501, पलाश वर्मा ने 3068, आर्यन सिंह ने 4930 और मोनिक मालीवाल ने 5009 रैंक प्राप्त की है।

### रायपुर संस्थान से 55 छात्र सफल घोषित

एलन रायपुर से 31 छात्रों ने टॉप-15,000 में स्थान प्राप्त किया है। अभी तक की जानकारी के अनुसार संस्थान के कुल 55 छात्र सफल घोषित हो चुके हैं और यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। परिणाम की खुशी में एलन रायपुर परिसर में केक काटकर सेलिब्रेशन किया गया। फैकल्टी सदस्यों ने सफल विद्यार्थियों की सराहना की।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05 / 2025–2026 दिनांक 17.04.2025
ii) निविदा संख्या 15245006A 13.06.2025 को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 03.06.2025 से बढ़ाकर 13.06.2025 कर दी गई है।
2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विनिर्देशों को संशोधित किया गया है।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1643/25

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5887




**बाएँ से दाए**
1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरैया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5886 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | अ | प | मा | न | ■ |
| स | ■ | ■ | य | ■ | म | ■ | ह | ■ | ■ | ह |
| र | ■ | श | रा | र | त | क | र | ना | ■ | व |
| क | ल | ह | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | का | न | न |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ला | व | ■ | रा | ख | ■ |
| ■ | दा | ■ | का | म | ■ | च | प्पू | ■ | रा | ■ |
| ■ | व | जु | ■ | न | म | न | ■ | पा | ■ | मु |
| क | त | रा | ■ | ■ | हा | ■ | ■ | ल | ल | क |
| ल | ■ | ब | लि | दा | न | क | र | ना | ■ | र |
| म | ■ | ■ | ख | ■ | ता | ■ | ई | ■ | ■ | ना |
| ■ | ना | ना | ना | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |



## 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी ने आखिर कब्जाया खिताब









# आरसीबी पहली बार चैंपियन

## आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, पंजाब को छह रन से दी मात

भाषा ⏭ अहमदाबाद

विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 18 साल की नाकामियों और निराशाओं को आखिरकार भुलाते हुए पंजाब किंग्स को मंगलवार को छह रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया। जीत तय होते ही अपने आंसू पर काबू नहीं पा सके विराट मैदान पर घुटने के बल बैठकर रो पड़े। उनके साथ ही 18 साल से 'ई साला कप नामडे' का मंत्र जप रहे आरसीबी के प्रशंसकों की आंखें भी नम हो गई। अब तक तीन बार फाइनल में मिली नाकामी की यादें भी खुशी के इन आंसुओं में धुंधली हो गई। बल्लेबाजी की मददगार पिच पर खेले गए फाइनल में आरसीबी ने दबाव का बखूबी सामना करते हुए जुझारूपन नहीं छोड़ा और जीतकर ही दम लिया। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए, जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। 190 रन का स्कोर उतना बड़ा नहीं था, लेकिन कृणाल पंड्या की अगुवाई में गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पंड्या ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये। वैसे मैच का निर्णायक पल रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था। आखिरी ओवर में पंजाब को 29 रन चाहिये थे और जोश हेजलवुड ने दूसरी डॉट गेंद डालकर जीत तय कर दी। पंजाब के लिये शशांक सिंह (30 गेंद



में 61 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। दूसरे क्वालीफायर में शानदार पारी खेलकर आये अय्यर एक रन बनाकर आउट हो गए। जोश इंगलिस ने 23 गेंद में 39 रन बनाये लेकिन पंड्या ने 13वें ओवर में उन्हें लांग आन पर लपकवाया। इसके बाद से हर डॉट गेंद पर 'आरसीबी आरसीबी' का शोर बढता गया। आरसीबी के लिये खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल भी खास तौर पर इस मैच के लिये यहां पहुंचे थे। पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 22 गेंद में 26 रन बनाये। भुवनेश्वर सिंह ने नेहाल वढेरा (15) और मार्कस स्टोइनिस (छह) को तीन गेंद के भीतर 17वें ओवर में पवेलियन भेजा। इससे पहले अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आरसीबी के लिये कोहली 35 गेंद में 122.85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए।

### खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार

| अवॉर्ड | इनामी राशि | विजेता |
|---|---|---|
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | जितेश शर्मा |
| फैंटसी किंग ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | शशांक सिंह |
| ऑन द गो 4s ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | प्रियांश आर्या |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द मैच | एक लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| प्लेयर ऑफ द मैच | 5 लाख रुपये | क्रुणाल पांड्या |
| इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन | टाटा कर्व | वैभव सूर्यवंशी |
| फैंटसी किंग ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | निकोलस पूरन |
| ऑन द गो 4s ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | साई सुदर्शन |
| ग्रीन डॉट बॉल्स ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | मोहम्मद सिराज |
| कैच ऑफ द सीजन | 10 लाख रुपये | कामिंदु मेंडिस |
| *फेयर प्ले अवॉर्ड* | *ट्रॉफी* | *चेन्नई सुपर किंग्स* |
| *पर्पल कैप* | *10 लाख रुपये* | *प्रसिद्ध कृष्णा* |
| *ऑरेंज कैप* | *10 लाख रुपये* | *साई सुदर्शन* |
| *मोस्ट वैलुएबल प्लेयर ऑफ द सीजन* | *15 लाख रुपये* | *सूर्यकुमार यादव* |
| *पिच एंड ग्राउंड अवॉर्ड* | *50 लाख रुपये* | *दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन* |

### बेंगलुरू-190/9(20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 |
| कोहली का और बो उमरजइ | 43 |
| मयंक का अर्शदीप बो चहल | 24 |
| रजत पगबाधा बो जैमीसन | 26 |
| लियाम पगबाधा बो जैमीसन | 25 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 |
| शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 |
| पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 |
| भुवनेश्वर का आर्य बो अर्शदीप | 1 |
| यश दयाल नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : नौ रन
योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन
विकेट पतन :1-18, 2-56, 3-96 , 4-131, 5-167, 6-171, 7-188, 8-189, 9-190
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### पंजाब-184/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का साल्ट बो हेजलवुड | 24 |
| प्रभसिमरन का कुमार बो पंड्या | 26 |
| जोश का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 1 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 6 |
| उमरजइ का भंडागे बो दयाल | 1 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन
योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 184 रन
विकेट पतन : 1-43, 2-72, 3-79, 4-98, 5-136, 6-142, 7-145
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0, शेफर्ड 3-0-30-1

## अपने पहले ही सीजन में चमके ये खिलाड़ी

हर साल इस लीग से कई स्टार्स उभर कर सामने आते हैं और उन्हें देश का भी लंबे समय तक प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता। सिर्फ भारत नहीं, विदेशी खिलाड़ी भी इस लीग में चुने जाने का इंतजार करते हैं। इस साल भी आईपीएल में कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने पहली बार हिस्सा लिया और अपने टैलेंट और स्किल का लोहा मनवाया।

### वैभव सूर्यवंशी

14 साल के वैभव का यह पहला सत्र रहा और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उन्होंने कई तूफानी पारियां खेलीं। बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और 7 चौके लगाए थे। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे। साथ ही वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने थे। उन्होंने यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा था। वैभव ने आईपीएल करियर की पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर का सामना किया था और पहली गेंद पर छक्का लगाकर बता दिया कि उनमें कितनी प्रतिभा है। उन्होंने इस सीजन सात मैचों में 206.55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनका स्ट्राइक इस सीजन सात या उससे ज्यादा मैच खेलने वालों में दूसरा सर्वश्रेष्ठ रहा।

### प्रियांश आर्या

बाएं हाथ का यह सलामी बल्लेबाज दिल्ली प्रीमियर लीग मैच के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की छवि के साथ आया था। उसने आईपीएल में भी ठीक उसी तरह का खेल दिखाया। इस बल्लेबाज ने निर्भीक होकर खेला और दुनिया के नामीगिरामी तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की धुनाई की। प्रियांश ने सीएसके के खिलाफ शतक जड़ा और वह इस सीजन 450+ रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हैं। प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए इस सीजन अब तक 17 मैचों में 183.33 के स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। पंजाब किंग्स ने उन्हें 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### विपराज निगम

20 साल की उम्र में विपराज निगम ने सीनियर क्रिकेट में तेजी से प्रगति की है और नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। राशिद खान से प्रेरित एक लेग स्पिनर निगम स्पिन की मददगार सतहों पर घातक टर्न के लिए जाने जाते हैं। इस ऑलराउंडर को भविष्य का सितारा माना जा रहा है। विपराज ने इस सीजन 14 मैचों में 179.74 के स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 11 विकेट भी लिए। उनका इकोनॉमी रेट 9.12 का रहा। विपराज यूपी टी20 लीग से सुर्खियों में आए थे।

### दिग्वेश राठी

आईपीएल के बैड बॉय नाम से मशहूर हुए इस खिलाड़ी ने इस सीजन सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स से खेलते हुए इस स्पिनर ने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक, हर जगह गेंदबाजी की। इसके बावजूद बल्लेबाजों को इस स्पिनर को खेलने में दिक्कत हुई। अपनी गुगली से इस स्पिनर ने खूब प्रभावित किया। उनका नोटबुक सेलिब्रेशन तो इस सीजन की सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दिग्वेश भविष्य में भारत के लिए खेलते दिखाई पड़ सकते हैं। इस गेंदबाज का निर्भीक होना इसकी सबसे बड़ी खूबी है। उन्होंने इस सीजन 13 मैचों में 8.25 की इकोनॉमी रेट से रन दिए और 14 विकेट लिए।

### अश्विनी कुमार

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने भी खूब सुर्खियां बटोरीं हैं। अश्विनी ने मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया और अपने पहले ही सीजन में सीम और स्विंग से प्रभावित किया। उन्होंने सात मैचों में 11 विकेट लिए और 11.31 की इकोनॉमी रेट से रन दिए। 24 रन देकर चार विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही। अश्विनी आईपीएल डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। अश्विनी मुंबई के लिए डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज भी बने थे।

## खबर संक्षेप

### इस बार विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन**। विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। विंबलडन 30 जून से शुरू होगा। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है।

### भारत-थाईलैंड के बीच मैत्री मैच आज

**पथुम थानी** । भारत बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है।

### ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड-वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बाइक से पहुंचे

**लंदन**। लंदन में ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिये समय पर पहुंच गए लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे।

## इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सिंधू व सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

एजेंसी ⏭ जकार्ता

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले



रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

### यह जीत मेरे लिए महत्वपूर्ण: सिंधू



सिंधू ने मैच के बाद कहा, "पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।"

### सात्विक-चिराग, सिंधू का मैच भी रहा रोमांचक

फिर सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को 67 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाकर मैच जीता।

### *लय बरकरार नहीं रख सके लक्ष्य, प्रणय हुए बाहर*

*लक्ष्य सेन पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।*

### *मालविका खेल के बीच में हुईं रिटायर*

*मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।*

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

एजेंसी ⏭ स्टावेंजर (नॉर्वे)

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## आईसीसी ने वनडे क्रिकेट के नियमों में किए कई बड़े बदलाव, 1 जुलाई से होंगे लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल 1 जुलाई से कुछ नए खेल नियम लागू करने जा रही है। वनडे मैचों में अब फिर से एक ही गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। फिलहाल मैच की शुरुआत से दोनों सिरों से 2 नई गेंदों का इस्तेमाल होता है। अब नए नियमों के तहत 35वें ओवर के बाद से सिर्फ एक ही गेंद से मैच होगा। सीमित ओवरों के अंतरराष्ट्रीय मैचों में ये नियम जुलाई से लागू होंगे।

### वनडे क्रिकेट में किया गया है सबसे बड़ा बदलाव

वनडे मैचों में गेंद के इस्तेमाल को लेकर सबसे बड़ा बदलाव किया गया है। अब 50 ओवर की एक पारी में शुरुआत के 1 से 34 ओवर तक 2 नई गेंदों का उपयोग होगा। इसके बाद 35वें ओवर से 50वें ओवर तक इन्हीं में से किसी एक गेंद से मैच आगे बढ़ेगा। यह बदलाव आईसीसी के नए खेल नियमों के तहत होने जा रहा है। इसकी जानकारी सबसे पहले 30 मई को रिपोर्ट में सामने आई थी।

### ये नियम भी बदला

गेंद से जुड़े नियमों के साथ-साथ सिर में चोट (कन्कशन) के मामले में बदलाव किए गए हैं। अब टीमों को हर मैच से पहले मैच रेफरी को 5 संभावित बदलाव खिलाड़ियों की सूची देनी होगी, जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर खिलाड़ी शामिल होगा। अगर किसी बदले गए खिलाड़ी को भी कन्कशन हो जाता है और असाधारण स्थिति में फिर बदलाव की जरूरत पड़ती है, तो फैसला मैच रेफरी द्वारा लिया जाएगा।

## स्कॉटलैंड का जश्न पल भर में छू मंतर

# अंपायर के इशारे ने पलटी बाजी, आखिरी गेंद पर नेपाल जीता

एजेंसी ⏭ स्कॉटलैंड

क्रिकेट में आखिरी गेंद पर जीत तो देखी है लेकिन अंपायर की वाइड कॉल से नतीजा पलटते बहुत कम देखा होगा। सोमवार को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 में नेपाल ने स्कॉटलैंड को उसी अंदाज़ में हराया, जिसे देखकर फैंस और खिलाड़ी, दोनों ही दंग रह गए। मैच की आखिरी गेंद पर स्कॉटलैंड ने नेपाल का आखिरी विकेट गिरा दिया था...या उन्हें लगा ऐसा हुआ। मैदान पर जश्न शुरू हो चुका था, लेकिन तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया और उसी एक सिग्नल ने स्कॉटलैंड का दिल तोड़ दिया, नेपाल के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और आखिरी गेंद पर जीत दर्ज कर ली।



### स्कॉटलैंड ने मनाना शुरू कर दी खुशी


स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने अपनी जीत मान ली थी। तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया, और करन ने बल्ला उठाकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। स्कॉटलैंड के खिलाड़ी हक्का-बक्का रह गए। उन्हें समझ ही नहीं आया कि ये क्या हुआ। अभी तक जो स्कॉटिश खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे, उनके चेहरे लटक गए। इसके बाद उनके पास मायूस होने के अलावा कुछ नहीं बचा था।

### नेपाल की टीम अभी भी 7वें स्थान पर

इस जीत से नेपाल को दो अहम अंक तो मिल गए, लेकिन टीम अब भी 8 टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं, स्कॉटलैंड अब चौथे पायदान पर है और यह हार उन्हें काफी भारी पड़ सकती है। क्या हुआ आखिरी गेंद पर? करन केसी स्ट्राइक पर थे। स्कॉटलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वॉट ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद फेंकी, जो लेग स्टम्प की लाइन से बहुत बाहर चली गई। करन ने फ्लिक करने की कोशिश की लेकिन चूक गए। विकेटकीपर मैथ्यू क्रॉस भी गेंद को ठीक तरह से पकड़ नहीं सके और पीछे भागते हुए स्टंप्स गिरा दिए। नेपाल के आखिरी बल्लेबाज रिज़न ढकाल ने क्रीज में पहुंचने के लिए डाइव लगा दी लेकिन लग रहा था कि आउट हो गए।

### करन केसी गेंद और बल्ले दोनों से चमके

करन केसी नेपाल की इस जीत के असली हीरो थे। पहले उन्होंने गेंदबाजी में 10 ओवर में 2 विकेट लेकर स्कॉटलैंड को 296/7 पर रोका। नेपाल की शुरुआत अच्छी रही लेकिन फिर अचानक विकेट गिरते चले गए। एक वक्त स्कोर 152/2 से 192/7 स्कोर हो गया था और लग रहा था कि स्कॉटलैंड जीत जाएगा। तभी करन ने वापसी करवाई। 297 रन का पीछा करना नेपाल के लिए वनडे में अब तक का सबसे बड़ा रनचेज रहा।




### ट्रंप के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, संघर्षविराम के लिए भारत-पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई

# हमें मनाने की जरूरत नहीं, हम युद्ध नहीं चाहते, हमारा ध्यान विकास पर केंद्रित

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया



*कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खीचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते*

ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई। भारतीय विदेशी मामलों में संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन से मुलाकात की।

- आतंकवाद के ढांचे को खत्म करना ही पहला कदम होना चाहिए

इस दौरान उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल की ब्राजील यात्रा को लेकर खुशी जाहिर की। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की।



### ट्रंप के दावे को भारत कर चुका है खारिज

*डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच उन्होंने ही मध्यस्थता कराई। ट्रंप ने ही सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की जानकारी दी थी। हालांकि भारत ने ट्रंप ने दावे को खारिज कर दिया। भारत ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष को फोन करके संघर्षविराम की अपील की थी। जिसके बाद संघर्षविराम हुआ।*

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता हो

शशि थरूर ने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुटता चाहते हैं। इन देशों में यह बात स्पष्ट हो गई है कि वे कुछ मुद्दों को समझते हैं, लेकिन कुछ अन्य को पूरी तरह नहीं समझा गया है। कई देश स्वाभाविक रूप से बातचीत का सुझाव देते हैं, लेकिन उन लोगों से बातचीत करना बहुत मुश्किल है, जो आपके सिर पर बंदूक ताने हुए हैं और आपकी सीमा पर आतंकवादी भेज रहे हैं। यह एक मूलभूत समस्या है। पहला कदम यह होना चाहिए कि वे आतंकवाद के ढांचे को खत्म करें।

### ब्राजील ने हमारी स्थिति को पूरी तरह समझा

थरूर ने कहा कि ब्रासीलिया में हमने राष्ट्रपति के वरिष्ठ कूटनीतिक सलाहकार से मुलाकात की, जो पहले विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और संयुक्त राष्ट्र में राजदूत रह चुके हैं। हमारी सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष के साथ भी बैठक हुई। वे भारत-ब्राजील मैत्री समूह के अध्यक्ष भी हैं और हमारे विचारों और स्पष्टीकरण के प्रति बहुत सहायक थे।

### हमारी प्रतिक्रिया सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ

थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते।

### भारत के साथ संबंध मजबूत करना चाहते

ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कामिन ने कहा हम खुश और सम्मानित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि ब्राजील एक मित्र देश और भारत का एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक साझेदार है। हम हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं। ब्राजील हमेशा शांति और समझ को बढ़ावा देता है और हम भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं।


## खबर संक्षेप

### कटड़ा से बारामुला ट्रेन का पीएम करेंगे उद्घाटन



**जम्मू।** पीएम नरेंद्र मोदी जून के पहले सप्ताह संभावित (छह जून) को कटड़ा से बारामुला तक वंदे भारत ट्रेन के परिचालन को हरी झंडी दिखा सकते है। इसके साथ 2009 में शुरू हुआ उधपमुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) 274 किलोमीटर परिचालन के लिए शुरू हो जाएगा। पीएम के दौरे को लेकर रेलवे की तैयारियां पूरी हो चुकी है। ट्रेन परिचालन को लेकर सभी तैयारियों को पुख्ता किया गया है। रेलवे अधिकारी कटड़ा से बनिहाल तक ट्रैक का निरीक्षण किया जा रहा है। कटड़ा से बारामुला तक तैनात रेल

### कश्मीर में गायब हुआ इजराइली सेना का जवान



**जम्मू।** कश्मीर घूमने आया इजराइली सेना का एक जवान अचानक लापता हो गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को इस मामले में अपहरण की आशंका है, जिसके बाद से पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबल पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। वह अकेले ही कश्मीर के कुछ प्राकृतिक स्थलों का दौरा कर रहा था और कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में था।

### तो भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के 9 से ज्यादा ठिकानों पर लगाया निशाना...

# पाकिस्तान ने अपने सरकारी दस्तावेज से खुद कबूला भारत के हमलों से हुए बड़े नुकसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के कुल 9 आतंकी ठिकानों पर नहीं बल्कि 16 जगहों पर लक्षित हमला बोला गया था। यह जानकारी मंगलवार को भारत के नहीं बल्कि पाकिस्तान द्वारा अपने मीडिया के साथ साझा किए गए एक सरकारी दस्तावेज के जरिए सामने आई है। जिसमें उसने भारत के हमलों में निशाना बनाई गई 7 और पाकिस्तानी जगहों का जिक्र किया है। इससे पड़ोसी देश का तात्पर्य यह है कि पिछले महीने 7 से 10 मई तक की गई सैन्य कार्रवाई में नेस्तनाबूद किए गए कुल 9 लक्ष्यों के बारे में भारतीय अधिकारियों ने अपने तमाम संवाददाता सम्मेलनों के जरिए आधिकारिक रूप से जो जानकारी दी थी।

**मंगलवार को पाकिस्तानी मीडिया में छाया रहा उनका सरकारी दस्तावेज**

उसकी (भारत) सैन्य कार्रवाई का दायरा उससे कहीं अधिक व्यापक था। पाक दस्तावेज में कहा गया है कि भारत के ड्रोन ने 8, 9 और 10 मई को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में पेशावर से लेकर दक्षिण में हैदराबाद तक को निशाना बनाया था। इसमें भारत के ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ की गई पाकिस्तानी कार्रवाई को बनयान-उम-मॉर्सोस का नाम दिया गया है। साथ ही ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई भारत ने बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान के खिलाफ की। पाक दस्तावेज में हालांकि यह नहीं बताया गया है कि उक्त 7 जगहों पर भारतीय ड्रोन हमलों के लक्ष्य क्या थे?

### पहलगाम के जवाब में की गई कार्रवाई

गौरतलब है कि भारतीय सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की गई मीडिया ब्रीफिंग में आधिकारिक रूप से यह बताया था कि भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के अंदर (बहावलपुर और मुरीदके में लश्कर-जैश के आतंकी ठिकानों) और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट किया गया है। यह कार्रवाई पाक समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) द्वारा 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों (25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक) की हत्या के जवाब में की गई। 7 मई को भारत की कार्रवाई से घबराए पाकिस्तान ने उसकी पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और मिसाइलों से कई हमले किए।

लेकिन उन्हें सशस्त्र सेनाओं ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया। आखिरकार दुश्मन को झुकना पड़ा और 10 मई को पाकिस्तान की तरफ से बातचीत की गुहार लगाई गई। जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी को रोकने का फैसला हुआ। जो फिलहाल वर्तमान में भी जारी है।

### इन 7 जगहों का पाक ने किया जिक्र

*पाकिस्तान ने अपने दस्तावेज में ग्राफिक के जरिए विस्तार से यह बताया है कि भारत ने 8, 9 और 10 मई को अपने ड्रोन हमलों के जरिए पेशावर के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत, अटोक, बहावलनगर, गुजरात और पंजाब प्रांत के झांग और सिंध के छोर और हैदराबाद को निशाना बनाया। बहावलनगर पाकिस्तान की एक सैन्य छावनी है। जबकि गुजरात जिले के खारिया में भी उसकी बड़ी छावनी है, झांग में भी एक पाक सैन्य छावनी है। ये इलाका रफ़ीक़ी एयरबेस से लगा हुआ है, जिसे भारतीय मिसाइलों ने निशाना बनाया था। छोर छावनी में पाकिस्तानी सेना के रेगिस्तानी युद्ध-कौशल स्कूल का मुख्यालय है। इसके अलावा हैदराबाद में भी पाक सैन्य छावनी है। बताते चलें कि कई निजी कंपनियों ने पहले ही अपनी सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए ये खुलासा किया था कि 7 मई को भारत के हमलों से पाकिस्तान के भीतर और उसके समर्थन से पीओके में चलने वाले 9 आतंकी कैंपों को बर्बाद किया गया। इसके बाद 10 मई की कार्रवाई में भारतीय वायुसेना ने अपने लंबी दूरी के सटीक हमलों से लगभग 8 पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बनाया था।*

### अफ्रीकी सांसदों से प्रतिनिधिमंडल बोला

# आतंकवाद अब क्षेत्रीय नहीं बल्कि एक वैश्विक खतरा, इसके लिए एकजुट हों



एजेंसी ▶▶ मोनरोविया

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने सर्वदलीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए दो पश्चिमी अफ्रीकी संसदों- सिएरा लियोन गणराज्य और लाइबेरिया गणराज्य को संबंधित किया। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय सांसद बन गए हैं। लाइबेरिया की संसद में बोलते हुए, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की अपील की।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद अब सिर्फ एक क्षेत्रीय खतरा नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक खतरा है। उन्होंने इस खतरे के साथ भारत के लंबे समय से चल रहे संघर्ष को उजागर किया। उन्होंने भारत की ओर से सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती। अब समय आ गया है कि सभी देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के वैश्विक अभियान का समर्थन करें।

### पाक को एफएटीएफ की ग्रे सूची में डालें

*लाइबेरियाई संसद के अध्यक्ष रिचर्ड नागबे कून और उपसभापति थॉमस पी फल्लाह ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। शिंदे ने लाइबेरिया की सीनेट के अध्यक्ष न्योनब्ली कार्नगा-लॉरेंस से भी मुलाकात की। कार्नगा-लॉरेंस के साथ बैठक में शिंदे ने मांग की कि आतंकवादी समूहों को लगातार समर्थन देने के कारण पाक को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में फिर से शामिल किया जाए। शिंदे ने कहा कि पाक लंबे समय से आतंकवादी संगठनों का केंद्र रहा है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में पहले भी शामिल होने के बावजूद, आतंकवाद को उसका समर्थन जारी है।*

### लाइबेरिया ने दिया भारत को समर्थन

लाइबेरिया ने भारत के आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। स्पीकर कून ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पश्चिमी अफ्रीकी देशों के बीच क्षेत्रीय एकता के महत्व को भी रेखांकित किया। इस दौरान सीनेट ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा।

### माता खीर भवानी के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



*जम्मू। जम्मू के गांदरबल जिले के जानीपुर स्थित माता राघेन्या (खीर भवानी) के दरबार में मंगलवार को तड़के करीब तीन बजे से कश्मीरी पंडितों ने माता के अवतरण दिवस को पारंपरिक पूजा-अर्चना और हर्षोल्लास से मनाना शुरू कर दिया। इस मेले में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों समेत विदेश में बसे कश्मीरी पंडित परिवार के साथ पहुंचे। उन्होंने माता के मंदिर में पूरी परंपरा से पूजा-अर्चना की। माता खीर भवानी कश्मीरी हिंदुओं की आराध्य देवी हैं। मंदिर के सेवक डॉ. सुशील बात्तल ने बताया कि पूजा अर्चना के साथ हवन भी चलता रहेगा। श्रद्धालु माता के दरबार में 7, 9, 11 और 108 दीये और प्रसाद लेकर पहुंचते हैं। दिन भर हजारों की संख्या में दीये जलाए जाते हैं।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109